दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 51 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 11 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायकों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा सभी विधायक फील्ड में जाकर कार्य करें

### विधायकों के कार्यों और गतिविधियों पर तीसरी आंख की है निगाह, मंत्री और विधायक 8 से 10 घंटे तक रोजाना लोगों के बीच रहे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान करने और प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के प्रयासों में पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा खुद तो रोजाना सुबह से लेकर देर रात तक सरकारी मीटिंगों, जनसभाओं और सरकारी कार्यक्रमों में व्यस्त रहकर प्रदेश के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने का प्रयास कर ही रहे हैं । इसके अलावा उन्होंने पार्टी के विधायकों से भी कहा है कि वह अब अपने बाकी के बचे हुए कार्यकाल में रोजाना 8 से 10 घंटे तक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के बीच में रहे उनकी समस्याओं को सुने और उनकी समस्याओं का निदान करने का हर संभव प्रयास करें। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह बात मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक में कहीं मुख्यमंत्री शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी के उन विधायकों की खूब सराहना की जिन्होंने काफी अच्छा कार्य किया तथा राजस्थान विधानसभा में भी अच्छा परफॉर्मेंस करने वाले विधायकों की उन्होंने तारीफ की मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायकों से कहा कि पार्टी के सभी विधायकों के कामकाज और गतिविधियों पर तीसरी आंख की निगाह है। इसलिए विधायक अब पूरी तरह से फील्ड में उतर जाएं और लोगों से गहरा संवाद बरकरार रखें तथा लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान करने में अपना सब कुछ न्योछावर कर दे उन्होंने कहा कि सरकार ने विधायकों की अधिकांश मांगों को पूरा किया है।



और आगे भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने मंत्रियों से कहा कि अगले 5 वर्षों में राज्य की लगभग 200 विधानसभाओं तक पहुंच बनाते हुए जनता के बीच अधिक समय देना होगा । उन्होंने निर्देश दिए कि मंत्री और जनप्रतिनिधि प्रतिदिन 8 से 10 घंटे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक में कहा कि सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के बावजूद राज्य में किसी भी प्रकार की एंटी इनकंबेंसी नहीं है जो सरकार के कार्यों और जन विश्वास का प्रमाण है भाजपा विधायक दल की बैठक में आगामी राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस समारोह की शुरुआत स्वच्छता अभियान और विकसित रन से होगी इसके अलावा राज्य भर में विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिताएं एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी जनजातीय कला प्रदर्शनी युवा शक्ति मेल उद्योगपतियों के साथ संवाद कार्यक्रम और किसान सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे इसके अलावा मंदिरों में विशेष आरती तथा जयपुर में सांस्कृतिक संध्या और आतिशबाजी का आयोजन भी किया। जाएगा राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाई जाए : पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार ने पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा सौर ऊर्जा उद्योग कृषि महिला सुरक्षा कानून व्यवस्था रोजगार स्किल डेवलपमेंट, ग्रामीण विकास आदि सभी सेक्टर में सरकार ने काफी शानदार और उल्लेखनीय कार्य किया है लेकिन कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को यह लगता है कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रदेश सरकार की ओर से किए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में अभी भी प्रदेश में कई लोगों को ठीक तरह से जानकारी नहीं मिल पाई है इसलिए एक तरफ जहां लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं तो दूसरी तरफ सरकार के अच्छे कार्यों की रिपोर्ट उन तक नहीं पहुंच पाई है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह चाहते हैं कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के सभी जनहित के फैसलों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पार्टी के विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े लोग अपने-अपने क्षेत्र में हर घर में जाकर सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताएं जानकारी के अनुसार आने वाले महीना में प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि इन चुनाव से पहले प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों में सरकार और भाजपा की पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में पूरी ताकत झोंक दी जाए यह तभी हो सकता है जब सरकार की ओर से पिछले 2 साल में जो उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं उनकी संपूर्ण जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक और प्रत्येक परिवार तक पहुंचे इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों को रोजाना 8 से 10 घंटे तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में फील्ड में रहने को कहा है ।

## हर घर तक गैस पहुंचने के लिए बजट और संसाधन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी : सुमित गोदारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशों के आधार पर रसोई गैस के दाम बढ़ाए



गए लेकिन सरकार हर घर तक रसोई गैस पहुंचाने के लिए बजट और संसाधन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। लोगों को गैस सिलेंडर के लिए बिल्कुल भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा। गौर तलब है कि राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने 9 मार्च 2026 को हुई कीमत में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडर के दाम 80 और कमर्शियल के 120 रुपए बढ गए हालात यह है की रसोई गैस की बुकिंग पर 25 दिन की वेटिंग चल रही है क्या सरकार इस बड़ी हुई कीमत का बोझ खुद उठकर जनता को राहत देने का प्रयास करेगी । जूली ने यह भी कहा कि पिछली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत अधिक होने पर भी जनता को 500रू में सिलेंडर उपलब्ध करवाया था इसके जवाब में सुमित गोदारा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से तथा पेट्रोलियम मंत्रालय की गाइडलाइन के आधार पर प्रदेश में गैस के दाम बढ़ाए गए थे। लेकिन प्रदेश में आम जन को गैस के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा इसके लिए सरकार की पूरी तैयारी है ।राजस्थान विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने मंगलवार को कृष्णा कल के दौरान रसोई गैस का मामला उठाया था इसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपस में तीखी बहस भी सुनने को मिली यह चर्चा देखते ही देखते प्रदेश की आम जनता की जेब और अंतरराष्ट्रीय बाजार के गणित तक पहुंच गई। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सदन को जानकारी दी की राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत कुल 1 करोड़ 837942 परिवार हैं सरकार के प्रयासों से अब तक 6846000 परिवारों की एलपिजी सीडिंग की जा चुकी है जिसमें से 61 लाख 6476 परिवार मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का सीधा लाभ उठा रहे हैं सुमित गोदारा ने बताया कि भजनलाल सरकार के कार्यकाल में अब तक 5.68 करोड़ रिफिल पर 1051 करोड रुपए की सब्सिडी सीधी उपभोक्ताओं के खाते में भेजी गई है । विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने डाटाविसंगतियों और तकनीकी वजह से वंचित परिवारों का मुद्दा उठाया इस पर खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने स्पष्ट किया कि जिन परिवारों की मैपिंग तकनीकी कारण या राशन कार्ड में भिन्नता की वजह से रुकी हुई है उनके लिए सरकार विशेष अभियान चलाएगी लक्ष्य यह है कि प्रदेश के सभी 1.08 करोड़ पात्र परिवारों को न केवल कनेक्शन मिले बल्कि सब्सिडी का लाभ भी सुनिश्चित हो ।

## इंडियन रेलवे की ऊंची उड़ान: मोदी कैबिनेट ने 4474 करोड रुपए लागत की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की लगभग 4,474 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में सैंथिया-पाकुर चौथी लाइन तथा संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन बढ़ी हुई लाइन क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये बहु-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## राजस्थान में बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स इकोसिस्टम, राठौड़ ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी विधेयक पेश किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, जयपुर विधेयक 2025 प्रस्तुत किया। यह पहल राज्य में खेलों के समग्र विकास और एक मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधानसभा में विधेयक प्रस्तुत करते हुए मंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल एक संस्थान की स्थापना नहीं है, बल्कि राजस्थान के युवाओं के लिए एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्रविकसित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जिससे प्रतिभा को सही प्रशिक्षण, वैज्ञानिक समर्थन और नए अवसर मिल सकें। कर्नल राठौड़ ने कहा कि आज खिलाड़ी की सफलता के पीछे कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग एक्सपर्ट और परफॉर्मेंस एनालिस्ट जैसे विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मंत्री ने बताया कि आधुनिक खेलों में साइंस टेक्नोलॉजीऔर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका तेजी से बढ़




रही है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा विश्लेषण और वीडियो एनालिटिक्स के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन, तकनीक और प्रशिक्षण का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र केवल मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्पोर्ट्स साइंटिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, ट्रेनर एनालिटिक्स स्पोर्ट्स मैनेजर और स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स जैसे अनेक नए करियर अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को राष्ट्र निर्माण के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नई प्राथमिकता मिली है। वहीं आदरणीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार राज्य में खेल अवसंरचना और युवाओं के अवसरों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रस्तावित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को एक समेकित भारत एजुकेशन इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स साइंस स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स कोचिंग स्कूल आफ फिजिकल एजुकेशन स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट स्कूल आफ भारत टेक्नोलॉजी स्कूल का एडवेंचर स्पोर्ट्स इनके माध्यम से अंडर ग्रेजुएट पोस्ट ग्रेजुएट तथा रिसर्च प्रोग्राम संचालित किए जाएंगे, जिससे केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि कोच भारत साइंटिस्ट फिजियोथैरेपिस्ट एनालिस्ट ट्रेनर और स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स भी तैयार होंगे। मंत्री ने कहा कि राजस्थान की धरती ने शूटिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और कबड्डी जैसे खेलों में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। यह विश्वविद्यालय राजस्थान के युवाओं को वह मंच प्रदान करेगा, जहाँ से वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे ।

## अश्वनी वैष्णव ने मोदी कैबिनेट के 6 बड़े फैसलों की जानकारी दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(एजेंसी)** रेल,सूचना और प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंगलवार को मोदी कैबिनेट की ओर से लिए गए 6 बड़े निर्णय की जानकारी संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके विस्तार से दी अश्वनी वैष्णव ने केंद्र सरकार ने कुल 8.69 लाख करोड रुपए के बड़े प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है इन फैसलों के साथ सरकार ने साफ संदेश दिया है कि विकास की रफ्तार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार आने वाले सालों में और तेज होने वाला है कैबिनेट की बैठक में तमिलनाडु के मदुरई एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने की मंजूरी दी गई जिससे दक्षिण भारत की हवाई सेवाओं को मजबूती मिलेगी इसी के साथ पेयजल पहुंचाने वाली प्रमुख योजना जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया हैअश्वनी वैष्णव ने बताया कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने वाली 31.42 किलोमीटर लंबी नई ग्रीन फील्ड सड़क बनाने के लिए 3630.77 करोड रुपए की मंजूरी दी है इस सड़क में 11 किलोमीटर का एलिवेटेड हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण होगा ।




## प्रदेश में कई जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर को गैस बम से उडाने की धमकी, ईमेल में आईएसआई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में मंगलवार को कई जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर ऑफिस में गैस बम से धमाका किए जाने की ईमेल से सूचना दी गई इन सभी जगह पर सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर डॉग स्क्वायड, बमनिरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां इत्यादि बुलवाए गए मौके पर जहां-जहां जिस जिस ऑफिस को बम से उडाने की धमकी दी गई थी उन सभी ऑफिस को पूरी तरह से खाली करवाया गया तथा मौके पर काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया। आसपास के इलाके में भी दूर-दूर तक पुलिस के टीमों ने सर्च अभियान को अंजाम दिया लेकिन प्रदेश में सभी जगह पर ईमेल के माध्यम से मिली यह सूचना पूरी तरह से फर्जी साबित हुई। पुलिस ने इन सभी ऑफिस और जगह को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया तब जाकर लोगों को राहत मिली लेकिन बम की इन खबरों ने एक बार फिर मंगलवार को प्रदेश में कई जिलों में लोगों में दहशत जैसे हालात पैदा कर दिए एक तरफ इस तरह की सूचनाओं से लोगों के दिल की धड़कन तेज हो जाती है तो दूसरी तरफ सरकारी कामकाज भी बुरी तरह से बाधित होते हैं लेकिन बार-बार यही सवाल खड़ा होता है कि पिछले कुछ महीनो से लगातार ईमेल के माध्यम से प्रदेश भर में विभिन्न सरकारी संस्थानों, जिला अदालतों यहां तक की हाई कोर्ट परिसर को भी ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई लेकिन इनमें से एक भी ईमेल की जांच पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हो पाई और पुलिस ईमेल करने वाले व्यक्ति को नहीं पहचान पाई ।शायद यही वजह है कि यह कोई गिरोह है जो बार-बार प्रदेश में अशांति फैलाने के मकसद से इस तरह के ईमेल करके पुलिस और जिला प्रशासन के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के उदयपुर में लेक सिटी मॉल में भी बम होने की



सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत माल को खाली करवाया यहां भी पुलिस ने बमनिरोधक दस्त और खोजी कुत्ते तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया काफी देर तक माल में जगह-जगह सदन तलाशी ली गई लेकिन कहीं पर भी कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली माल के आसपास के इलाके में भी पुलिस ने काफी देर तक सर्च अभियान को अंजाम दिया लेकिन पुलिस को कहीं भी कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली बाद में पुलिस ने माल को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया लेकिन जब तक मॉल में पुलिस की जांच पड़ताल चलती रही तब तक माल प्रशासन से जुड़े लोगों और माल में मौजूद दुकानदारों के चेहरों पर चिंता की लकीर देखी गई यह शहर का काफी लोकप्रिय माल है यहां पर रोजाना सुबह से लेकर देर रात तक बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए आते हैं यहां पर विभिन्न तरह के प्रतिष्ठान है तथा लोगों के मनोरंजन के लिए भी तमाम तरह के साधन है इसलिए यह माल लेक सिटी उदयपुर का काफी लोकप्रिय स्थान माल जाता है यहां पर देसी और विदेशी पर्यटक भी देखे जा सकते हैं, जानकारी के अनुसार मंगलवार को जहां-जहां ईमेल के माध्यम से गैस बम होने की धमकी दी गई उनमें अधिकांश जगहों पर ईमेल में आईएसआई लिखा हुआ था पुलिस का कहना है कि इस तरह के ईमेल करके प्रदेश में अराजकता और अशांति का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए पुलिस ने प्रदेश के सभी लोगों को धैर्य और संयम रखने की बात कही है इसके अलावा सावधानी बरसाने को भी लोगों से कहा गया है कहीं पर भी किसी भी तरह की अगर कोई संदिग्ध वस्तु नजर आए तो इसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना देने के बारे में भी कहा गया है क्योंकि पिछले कई महीनो से जिस तरह से बार-बार ईमेल के माध्यम से प्रदेश भर में बम होने की धमकियां दी जा रही है उसका शायद यही मकसद है कि ईमेल करने वाले राजस्थान में अशांति फैलाना चाहते हैं मंगलवार को ईमेल में पहली बार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अंकित नजर आया उससे यही साबित होता है कि कहीं ना कहीं ईमेल करने वाले प्रदेश में लोगों में दहशत फैलाने के अलावा एक अजीब माहौल पैदा करना चाहते हैं इसलिए पुलिस ने सभी लोगों को सावधानी और सजकता बरतने को कहा है ।

## घरेलू गैस के दुरूपयोग की कार्यवाही में 7 गैस सिलेण्डर किए जब्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर अलवर के निर्देशानुसार घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु अलवर जिले में कार्यवाही की गई। अग्रसेन सर्किल के पास पुल के नीचे स्थित रिफिल सेन्टर पर घरेलू गैस सिलेण्डरर्स का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इस दौरान 7 घरेलू सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रिक मोटर मय 01 रेग्यूलेटर जप्त किये गये तथा मै0 मोहन गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किये गये। जांच दल में बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी एवं अशोक कुमार शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक शामिल थे। जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में कार्यवाही जारी रहेगी।

## त्रिपोलिया शिवालय मे हुआ सुंदरकांड का पाठ और भजन, भक्ति रंग में खूब नाची श्रद्धालु महिलाएं



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के प्राचीन त्रिपोलिया महादेव मंदिर मे मंगलवार को दोपहर 3 बजे से सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस मौके पर महिलाओं ने जहां संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया ओर पाठ समापन के बाद श्रद्धालु महिलाओं ने भजन भी गाए। महिलाओं ने जब भजन गाए तो मौजूद अनेक महिलाओं ने भजनों की धुन पर मंत्र मुग्ध होकर खूब नृत्य भी किया। आनंदमय भक्ति की एक झलक पाकर सभी भक्तजन आनंदित हो गए। महंत जितेंद्र खेडापति ने बताया कि कार्यक्रम के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन देशवासियों की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए किया गया।

## पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए 13 मार्च को पेंशन शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण, राजस्थान के निर्देशानुसार पेंशनरों की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोष कार्यालय खैरथल द्वारा आयोजित यह शिविर दिनांक 13 मार्च 2026 (शुक्रवार) को जांगिड़ धर्मशाला, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास, खैरथल में प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक आयोजित होगा। कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल ने बताया कि शिविर में पेंशनरों की पेंशन से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं परिवेदनाओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। जिले के सभी पेंशनरों से अपील की गई है कि यदि उन्हें पेंशन से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या दर्ज कराएं तथा उसका समाधान प्राप्त करें। शिविर के माध्यम से पेंशनरों को राहत प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा, जिससे उन्हें कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

## भार वाहन स्वामी ऑनलाइन वाहन पोर्टल 4.0 पर 15 मार्च तक जमा करावे वार्षिक कर


### एमनेस्टी के तहत जुर्माना राशि जमा कराकर उठाए छूट का लाभ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बताया कि ऐसे समस्त वाहन स्वामी जिनके भार वाहनों (जीवीडब्ल्यू 16500 से अधिक) का वार्षिक कर जमा होता है, वे वित्तीय वर्ष 2026-27 का कर ऑनलाइन वाहन पोर्टल 4.0 पर 15 मार्च 2026 तक जमा करावे। निर्धारित तिथि पश्चात कर जमा करवाने पर दोगुना पेनल्टी देय होगी। अतः समस्त वाहन स्वामी किसी भी प्रकार की असुविधा, चालान एवं जब्ती आदि की कार्यवाही से बचने हेतु नियत समय पर अपना कर जमा करावे। उन्होंने बताया कि ई-रवन्ना चालानों की बकाया राशि पर एमनेस्टी के तहत जुर्माना राशि पर 95 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसका लाभ उठाते हुए वाहन स्वामियों द्वारा माह फरवरी 2026 में 463 वाहनों से 40 लाख रूपये जमा कराये गए हैं। इसी प्रकार 943 ई-रवन्ना डिफॉल्टर वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र सस्पेंड कर दिए गए हैं। शेष वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबन की कार्रवाई जारी है। अतः मार्च माह के दौरान एमनेस्टी का लाभ उठाते हुए जुर्माना राशि जमा करावे। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामियों की सुविधा हेतु माह मार्च में राजकीय अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेंगे।

## निःशुल्क जॉच शिविर मे 125 मरीजों को मिला परामर्श

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा आयोजित निःशुल्क बी.पी., शुगर (रेंडम), HbAvc टेस्ट, थाइरॉइड (TSH), प्रोस्टेट (यूरिन फलो मीटर द्वारा) लीवर (LFT) फाईब्रो स्क्रेन द्वारा किया गया। जॉच शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास, में वरिष्ठ रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर आयोजित किया गया। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 10 मार्च 2026 मंगलवार को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शिविर में 125 मरीजो की निःशुल्क बी.पी., शुगर (रेंडम), HbAvc टेस्ट, थाइरॉइड (TSH), प्रोस्टेट (यूरिन फलो मीटर द्वारा) लीवर (LFT) फाईब्रो स्क्रेन जॉच की गई। शिविर में सर्वप्रथम महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, गोविन्द गोयल चिकित्सालय संयोजक, अनिल अग्रवाल (गुडवाले) पूर्व मंत्री विष्णु गोयल, सुरेश अग्रवाल, रमेश सिंघल, सुरेश अग्रवाल गढवाले ने अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर कैम्प की शुरूआत की एवं राकेश बंसल, संजय मित्तल, विजेन्द्र अग्रवाल, तुलसी राम मित्तल, भानु प्रताप, राजेन्द्र ठेकेदार, पदम चन्द अग्रवाल, निधि अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, अखिलेश गर्ग आदि ने कैम्प में अपना सहयोग प्रदान किया।

# जिला कलक्टर ने ली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक

### फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन सहित अन्य प्रक्रियाओं को गति देने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं 2026-27 के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर संबधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जिले के लिए वर्ष 2026-27 में हुई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति एवं फ्लैगशिप योजनाओं में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के लिए अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर इन्हें धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका यथाशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि अलवर शहर के अम्बेडकर नगर, कठूमर के खोह, आरआर कॉलेज के समीप एवं रामगढ के नंगली मेघा में 33/11 केवी के जीएसएस के लिए भूमि के आवंटन सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि प्याज एवं सब्जी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु गाइडलाइन अनुसार आवश्यक कार्यवाही कर घोषणा को यथाशीघ्र मूर्त रूप देवें। उन्होंनें जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राजगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य एवं 5 करोड रूपये की लागत से नए नलकूप कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करावे। जिला कलक्टर ने डेयरी के एमडी को निर्देशित किया कि 200 करोड रुपए की लागत के 3 लाख लीटर प्रति दिन क्षमता के दूध प्लांट के लिए आवश्यक प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करावें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कुशालगढ़ तिराहे से थैंक्यू बोर्ड वाया भर्तृहरि सडक तक व नौगांवा से नसवारी चौकी तक की सडक निर्माण सहित समस्त सड़क घोषणाओं के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है, उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की विभागवार समीक्षा कर निर्देश दिए कि योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने तारबंदी योजना में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सराहना करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया कि तारबंदी योजना में और अधिक प्रगति के साथ फार्मपौण्ड सहित अन्य विभागीय योजनाओं के कार्यों में गति लावे। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि चिकित्सा विभाग से समन्वय कर लाडो प्रोत्साहन योजना में निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रगति हासिल कर जिले की रैंकिंग में और सुधार का प्रयास करें। उन्होनें चिकित्सा विभाग की फ्लैगशिप विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ एवं अवसंरचना मिशन के तहत बीपीएचयू व सब-सेंटर की प्रगति बढ़ाने तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत आरोग्य केंद्रों के संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में लाभार्थियों को ऋण वितरण कराने, पंच गौरव, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, एनएफएसए के तहत आवेदनों का डिस्पोजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लखपति दीदी, नमो ड्रोन दीदी, कृषि सखी, जल जीवन मिशन, अमृत योजना इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर पात्र लोगों को लाभांवित कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी सचिव स्नेहल नाना धीगदे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.डी बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों और नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ (आईपीएस) के मार्गदर्शन में वृत्ताधिकारी अंगद शर्मा के निर्देशन में महिला पुलिस थाना प्रभारी कांता द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राज्यभर में 1 मार्च से 15 मार्च 2026 तक 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस थाना अलवर में सुरक्षा सखियों को नए कानूनों की जानकारी देने के साथ-साथ राजकॉप सिटीजन ऐप, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा आपातकालीन सेवा 112 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल अरेस्ट के खतरों और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के उपाय भी समझाए गए। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं और सुरक्षा सखियों को रेंज स्तर पर सम्मानित किए जाने के लिए चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा सखी सरिता, फूलवती सैनी, मोना, वितिका, बब्बन, रंजना, मंजू, हिमांशी और शिमला सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

## माता सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि काशीराम के चौराहे के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाई गई। युवा जिलाध्यक्ष एवं प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद '21वीं सदी में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन आदर्शों की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में समरसता, समानता और शिक्षा का संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षित कर समाज में नई चेतना जागृत की। आज के समय में भारतीय नारी के विकास में उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए जल सेवा करने तथा 'हर घर एक परिंडा अभियान' 25 मार्च 2026 से प्रारंभ करने का निर्णय लिया, ताकि पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी और जल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के अंत में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी आढ़ती रोशनलाल सैनी, जिला ओलंपिक संघ कोषाध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, फल-सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन सचिव पंकज सैनी, युवा शहर अध्यक्ष हेमंत सैनी, युवा महासचिव महेंद्र सैनी, संगठन मंत्री रामगोपाल सैनी, कार्यालय मंत्री मन्याराम सैनी, व्याख्याता सुरेशचंद, सैनी शिक्षा समिति कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, डॉ. प्रदीप सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, सूबेदार सुरेशचंद, भारत भूषण सैनी, राजेश सैनी, जयकुमार, राहुल, गणेश सैनी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली रामगढ़ में जल संचय, जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी 3 माह में 100-100 जल संचय स्ट्रक्चर बनाने का दिया लक्ष्य

### जिला कलक्टर का जल संरक्षण कार्यों पर फोकस, इसी प्रकार ग्राउंड स्तर की तैयारियों की हर पंचायत समिति में लेंगी समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रामगढ पंचायत समिति सभागार में रामगढ व गोविन्दगढ पंचायत समिति के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में दोनों पंचायत समितियों के ग्राउंड स्तर के ग्राम विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनसंचय जनभागीदारी अभियान का लाभ उठाते हुए जिले में भूजल स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से इस अभियान को जनसहभागिता से प्रत्येक ग्राम स्तर तक चलाया जावे। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास अधिकारियों को लक्ष्य देते हुए निर्देशित किया कि आगामी 3 माह में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकारी व जनभागीदारी के साथ 100-100 जल संरचनाओं के स्ट्रक्चर तैयार करावे जाए। इस कार्य में जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। साथ ही इसे अभियान के रूप में संचालित करावे। इससे भूजल स्तर बढने के साथ पेयजल, कृषि कार्य एवं जिले के विकास में सहयोगी भी रहेगा। उन्होंने कई ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा कराए गए जल संरचनाओं के कार्य की सराहना की। उन्होंने बजट घोषणा के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि बजट घोषणा के तहत स्वीकृत कार्यों हेतु संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन कार्य करावे। साथ ही जिन घोषणाओं में भूमि आवंटन हो चुका है उनका शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराकर उन्हें गुणवत्ता के साथ पूर्ण करावे। उन्होंने विकास योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए इनका समयबद्ध क्रियान्वयन करावे, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं से लाभांवित किया जा सके। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, उपखण्ड अधिकारी रामगढ बाबूलाल वर्मा, विकास अधिकारी विजय कुमार, गोविन्दगढ विकास अधिकारी रमेश गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने बुध विहार डी ब्लॉक के पार्क में निर्माणाधीन पार्क लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने यूआईटी के कार्यों की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि लाइब्रेरी को आधुनिक एवं आइडियल लाइब्रेरी के रूप में तैयार करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि लाइब्रेरी में बड़े कांच लगवाए जाएं, जिससे पाठकों को वहाँ बैठकर पढ़ने में पार्क में बैठकर पढ़ने का अनुभव हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक कार्य को गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में पूर्ण करावे। साथ ही नियमित रूप से इसके रख-रखाव के कार्य पर विशेष फोकस रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण होने के बाद अधिक से अधिक पाठकों को लाइब्रेरी से जोडे। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क के सौन्दर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जावे तथा पार्क में और पौधे लगावे। जिला कलक्टर ने स्थानीय निवासियों से संवाद किया। जिस पर नागरिकों ने जिला प्रशासन की पार्क लाइब्रेरी की सौगात देने पर आभार जताया। जिला कलक्टर ने स्थानीय निवासियों से कहा कि लाइब्रेरी के संचालन व रखरखाव में सहयोग करें।

## कचरा उठाने की लचर व्यवस्था पर भड़के लोग, नगर परिषद से सुधार की मांग



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** मकराना शहर में कचरा उठाने की लचर व्यवस्था को लेकर नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने नगर परिषद पर सफाई व्यवस्था को सही तरीके से संचालित नहीं करने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई क्षेत्रों में सुबह समय पर कचरा नहीं उठाया जाता, जिससे सड़कों और गलियों में गंदगी फैल जाती है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इमाम चौक, गोडा वास और आईएस मार्केट सहित कई इलाकों में कचरे के ढेर लगे रहने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कचरा ढोने वाली गाड़ियां बिना तिरपाल ढके खुले में कचरा लेकर जाती हैं। इससे रास्ते में कचरा गिरता रहता है और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी फैल जाती है। खुले में कचरा ले जाने से बदबू भी फैलती है तथा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है, जो जनस्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहर में कचरा उठाने की व्यवस्था को नियमित और समयबद्ध किया जाए तथा कचरा ढोने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढककर कचरा ले जाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

# करणी माता मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

### मेले का 19 मार्च से 27 मार्च तक होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम एवं शहर बीना महावर की अध्यक्षता में आगामी 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले बाला किला स्थित करणी माता के मेले की व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मेले के सफल आयोजन हेतु आपसी समन्वय रखते हुए सौंपे गये दायित्वों को यथासमय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मेले में श्रृद्धालुओं के प्रवेश का समय प्रातः 6 बजे से सांय 7 बजे तक रहेगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि मेले में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ कचरे का उठाव करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था करावे एवं निर्धारित जगहों पर मोबाइल टॉयलेट लगवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि भण्डारे करने की अनुमति देते समय आयोजनकर्ता को पर्याप्त संख्या में भण्डारा स्थल पर कचरा पात्र रखने के लिए पाबन्द करें एवं कचरे का निस्तारण विधिवत रूप में करें और सुनिश्चित करावें कि कचरा वन क्षेत्र में नहीं फेंके तथा भंडारे में प्रसाद हेतु प्लास्टिक डिस्पोजल उत्पाद का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। पेड के पत्तों से बने पत्तल, दूने एवं मिट्टी के कुल्हडों का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में डी.जे. व लाउडस्पीकर पर प्रतिबंधित रहेगा। इसकी पालना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि प्रसाद की दुकानों का स्थान इस प्रकार निर्धारित करें कि श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि मेला स्थल एवं बाला किला क्षेत्र में पॉलिथिन की थैलियां व प्लास्टिक डिस्पोजेबल उत्पाद ले जाने व उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर आमजन को चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा दलों का गठन कर आवश्यकतानुसार चिकित्सक एवं पैरा मैडिकल स्टाफ लगाएं। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन नाका से मन्दिर तक के रास्ते में श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जहां आवश्यक हो वहां स्पीड ब्रेकर संकेतक आदि लगाए जाएं। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को लाने व ले जाने के लिए एक अलवर वाहिनी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधिकारियों को मेला स्थल पर रोशनी, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर श्रृद्धालुओं के अल्पकालीन विश्राम हेतु छाया एवं पानी की व्यवस्था कराए। उन्होंने कहा कि मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस बल व महिला पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की जायें। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहनों को वन विभाग के नाके से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी, किन्तु मेला व्यवस्था में लगे वाहनों को आने-जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर वायरलैस सैट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर अग्निशमन वाहन रखा जायें। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण शिवानी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अल्का व्यास सहित संबंधित अधिकारी, करणी माता मंदिर ट्रस्ट एवं मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अमेरिका ईरान युद्ध पर मोदी सरकार के चिंता नहीं जताने पर गोविंद सिंह डोटासरा ने नाराजगी जाहिर की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अमेरिका इजरायल ईरान युद्ध को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता नहीं जताने पर नाराजगी जाहिर की है । उन्होंने कहा कि इस युद्ध से राजस्थान में भी तेल और गैस की भारी कमी होने लगी है एक तरफ कमर्शियल गैस सिलेंडर जारी नहीं करने से होटल रेस्टोरेंट डेरी क्षेत्र का कारोबार प्रभावित हो रहा है यहां होटल में रह रहे देश और विदेश के लोगों के खाना पकाने की समस्या खड़ी हो रही है तो दूसरी तरफ शादियों के इस सीजन में गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना



उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध की वजह से अब रसोई गैस बुकिंग भी नहीं हो पा रही है इसके अलावा गैस एजेंसी दफ्तर के बाहर लोगों की लंबी लाइन भी देखने को मिल रही है इसलिए हालत काफी बिगड़ते जा रहे हैं केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार को इस दिशा में उचित कदम उठाने चाहिए। राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि केंद्र सरकार को राजस्थान और पूरे देश भर में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रबंध करने चाहिए क्योंकि गैस सिलेंडरों की कमी की वजह से हालात बिगड़ने लगे हैं और अगर यह युद्ध लंबा चलता है तो हालत और भी बिगाड़ सकते हैं इसलिए केंद्र सरकार को एक तरफ जहां इस युद्ध विराम के लिए आवाज उठानी चाहिए तो दूसरी गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी सुनिश्चित करनी चाहिए उन्होंने कहा कि राजस्थान में हालात बिगड़ने लगे हैं लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में अभी कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसकी वजह से आमजन काफी परेशान है उन्होंने कहा कि शादियों का सीजन है और आने वाले दिनों में गणगौर और अन्य महत्वपूर्ण त्यौहार आने वाले हैं ऐसे में आमजन को गैस उपलब्ध करवाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, डोटासरा ने कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश के लोग पहले ही बहुत परेशान दिख रहे हैं पिछली सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करके और कई जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करके प्रदेश के लोगों की समस्या को सरकार ने पहले ही ज्यादा बढ़ा दिया है और अब इस युद्ध से लोगों को घर में आने वाले दिनों में खाना पकाने की समस्या से भी जूझना पड़ सकता है उन्होंने कहा कि युद्ध से रसोई गैस की विकराल समस्या का आगाज हो चुका है और जिस तरह से अमेरिका लगातार धमकी दे रहा है उसकी वजह से ऐसा लगता है कि यह युद्ध काफी लंबा खींचेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की भारी किल्लत होने के पूरे आसार हैं ऐसे में केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार को जल्दी से जल्दी उचित कदम उठाने ही होंगे और लोगों को हर हाल में उचित दाम पर गैस सप्लाई करनी होगी द्य डोटासरा ने कहा कि कमर्शियल गैस की सप्लाई रोकने से होटल रेस्टोरेंट इत्यादि का कारोबार ठप हो सकता है सरकार को इस दिशा में भी उचित कदम उठाना चाहिए ताकि होटल रेस्टोरेंट में ठहरे लोगों भोजन के लिए इधर-उधर नहीं देखना पड़े उन्होंने कहा कि राजस्थान में दुनिया भर के लोग घूमने आते हैं और होटल में ठहरते हैं ऐसे में अगर होटल में कमर्शियल गैस की सप्लाई नहीं होगी तो फिर होटल में खाना कैसे बनेगा ।

## शास्त्री नगर में अंबेडकर कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में आग लगने से कई मकानों में टीवी, कूलर, पंखे एक अन्य उपकरण जले, लोगों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भीलवाड़ा में शास्त्री नगर में अंबेडकर कॉलोनी में मंगलवार को एक बिजली के ट्रांसफर में अचानक आग लगने के बाद शॉर्ट सर्किट की वजह से अंबेडकर कॉलोनी में 30 से ज्यादा मकान में टीवी, कूलर, फ्रिज, पंखा इत्यादि उपकरण जलकर स्वाह हो गए। यह तो गनीमत रही की शार्ट सर्किट की वजह से मौके पर करंट जैसे हालात पैदा नहीं हुए अन्यथा यहां पर बहुत बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन इस घटना को लेकर कॉलोनी के लोगों में ही नहीं बल्कि आसपास की कॉलोनी के लोगों में भी गहरा आक्रोश छाया हुआ है । कॉलोनी के लोगों का कहना है कि जिस ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी है वह खराब था इसके बारे में संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायत भी की गई थी लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से मंगलवार को इतनी बड़ी दुर्घटना हुई जिसमें कई मकानों में लाखों रुपए का नुकसान हुआ जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों ने मौके पर प्रदर्शन किया नारेबाजी की और इस घटना के जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की तथा मकान में हुए नुकसान की भरपाई की मांग की स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से शॉर्ट सर्किट से 30 से ज्यादा मकान में भारी नुकसान हुआ है मकान में मौजूद विभिन्न तरह के साजो समान उपकरण यंत्र तथा बिजली से संचालित विभिन्न तरह की चीज जलकर स्वाह हो गई है प्रत्येक मकान में भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान हुआ है जिसका मुआवजा देने की पुरजोर डिमांड की गई है

## आदर्श घोटालाः आरोपियों के वकीलों को ही सरकार ने अपना भी वकील बनायाः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में प्रदेश के लाखों परिवारों की गाढ़ी कमाई डूबने के मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में सरकार पर तीखा हमला बोला। जूली ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाने के



बजाय आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। जूली ने सदन में एक चौंकाने वाला तथ्य रखते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गई जब इस घोटाले के मुख्य आरोपियों और सह-आरोपियों की पैरवी करने वाले वकीलों को ही सरकार ने इस केस में अपना पक्ष रखने के लिए नियुक्त कर दिया है। सरकार बताए कि इन वकीलों के जरिए जनता का पैसा वापस आएगा या आरोपी साफ बचकर निकलेंगे उन्होंने आगे कहा कि सरकार का यह कदम साफ दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' का नारा महज एक दिखावा है। सरकार की मंशा सभी मुकदमों को क्लब करवाकर आरोपियों को कानूनी राहत दिलाने की प्रतीत हो रही है। घोटाले की भयावहता बताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह राजस्थान का सबसे बड़ा घोटाला है, जिसमें लगभग 22 लाख लोगों के 14,000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस लूट को अंजाम देने के लिए लगभग 200 लोगों के एक संगठित गिरोह ने सवा सौ 'शेल कंपनिया' बनाकर आम जनता की मेहनत की कमाई को हड़प लिया। जूली ने गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि क्या सरकार आमजन को राहत देने के लिए कोई सब्सिडी देने की योजना बना रही है या जनता को महंगाई के बोझ तले ही छोड़ दिया जाएगा ।

## एक राष्ट्र एक राशन कार्ड से देशभर में कहीं भी राशन की सुविधा :मदन राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया ने जानकारी दी कि एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना देशभर में सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है और इसके माध्यम से करोड़ों लाभार्थियों को देश के किसी भी राज्य में सस्ती दर पर राशन प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है। राज्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान के लगभग 1.08 करोड़ राशन कार्डधारकों को भी यह सुविधा उपलब्ध है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत देश के लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को इस व्यवस्था से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें देश में कहीं भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से प्रवासी मजदूरों, श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों को उनके गृह राज्य से दूर रहते हुए भी सस्ता खाद्यान्न उपलब्ध कराना है। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। देशभर की लगभग 100 प्रतिशत उचित मूल्य की दुकानों पर मशीनों के माध्यम से राशन वितरण की व्यवस्था लागू की जा चुकी है। इससे आधार आधारित प्रमाणीकरण के जरिए वास्तविक लाभार्थियों तक ही खाद्यान्न पहुंच सुनिश्चित हो रही है और फर्जी राशन कार्डों पर प्रभावी रोक लगी है। राज्यसभा में दिए गए उत्तर के अनुसार 1 फरवरी 2026 तक देश में करोड़ों पोर्टेबिलिटी लेन-देन दर्ज किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से लाखों टन खाद्यान्न का वितरण किया गया है। इससे विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों और कामगारों को अपने कार्यस्थल पर ही राशन प्राप्त करने में बड़ी राहत मिली है।राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि देश में खाद्यान्न भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2016 में जहां भंडारण क्षमता लगभग 644 लाख टन थी, वहीं वर्ष 2026 तक इसे बढ़ाकर लगभग 852 लाख टन कर दिया गया है, जिससे खाद्यान्न प्रबंधन और वितरण प्रणाली और अधिक सुदृढ़ हुई है। मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई यह योजना देश में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और गरीबों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

## चांदी और सोने की कीमतों में मंगलवार को भी हुई बढ़ोतरी, चांदी 4500 और सोना 700 रुपए महंगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले कुछ दिनों से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है मंगलवार को भी सोने और चांदी की कीमत में वृद्धि देखने को मिली मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 4500 और सोना 700 रुपए महंगा नजर आया मंगलवार को चांदी की कीमत 281000 रुपए प्रति किलो बेची गई तथा शुद्ध सोना 164700 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 154000 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था। हालांकि पिछले कुछ दिनों से लगातार जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में वृद्धि दर्ज की जा रही है लेकिन जयपुर सराफा बाजार में ऐसा पहले कई बार देखा गया है जब सोने और चांदी की कीमत में पिछले कुछ दिनों तक लगातार तेजी होती रही और फिर लगातार सोने और चांदी की कीमत में कमी भी होती रही इसलिए जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कई महीनो से जोरदार उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है इसीलिए जयपुर सराफा बाजार का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है हालांकि जयपुर सराफा बाजार में पहले की तरह लोग खरीददारी के लिए नजर नहीं आते इन दोनों वही लोग जयपुर सराफा बाजार में आ रहे हैं जिनके घरों में या तो शादियां हैं जिन्हें मजबूरी में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने ही पड़ते हैं या फिर ऐसे लोग आ रहे हैं जो अपनी पुरानी चांदी को बेचना चाहते हैं इसलिए जहां तक नए सोने और चांदी के आभूषण खरीदने की बात सामने आती है उसमें यहां के व्यापारियों को ज्यादा संतुष्टि नहीं मिल रही क्योंकि उनका कारोबार पहले की तुलना में काफी मंदा हो गया है जिसकी वजह सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव होना है क्योंकि लगातार उतार चढ़ाव होने की वजह से पिछले कुछ महीनो से वे लोग जो सोने और चांदी में इन्वेस्ट करना चाहते थे। उन्होंने इन भावों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए इन्वेस्ट करना बंद कर दिया है यह लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट कर रहे हैं इसलिए सोने और चांदी की खरीदारी में भी गिरावट आई है इसीलिए जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोग भी सोने और चांदी के भाव में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव की वजह से काफी चिंतित है ।

## प्रदेश के 2.15 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को मिला पीएम स्वनिधि योजना का लाभ-मदन राठौड़

### राजस्थान में रेहड़ी-पटरी व्यापारियों के सशक्तिकरण में अहम साबित हो रही पीएम स्वनिधि योजना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना देशभर के लाखों रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यापारियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई। यह योजना छोटे व्यापारियों को सस्ती ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्यसभा में 9 मार्च 2026 को राज्य मंत्री द्वारा दिए उत्तर के अनुसार इस महत्वाकांक्षी योजना को 31 मार्च 2030 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को सुलभ ऋण और डिजिटल भुगतान की सुविधा मिल सकेगी। सरकार ने योजना के तहत पहली ऋण किस्त को बढ़ाकर 15,000 रुपये और दूसरी किस्त को 25,000 रुपये तक कर दिया है, जिससे छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय के विस्तार में अधिक सहायता मिल सके। साथ ही डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए योजना के अंतर्गत यूपीआई से जुड़ा रुपे क्रेडिट कार्ड भी शुरू किया गया है, जिसकी शुरुआत 23 जनवरी 2026 को हुई।



अब तक देशभर में 24,927 से अधिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 1 मार्च 2026 तक देश में 73.8 लाख वेंडर्स को पहली किस्त, 28.5 लाख को दूसरी किस्त और 7.2 लाख को तीसरी किस्त का लाभ प्राप्त हो चुका है। राजस्थान में भी इस योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2,15,769 लाभार्थियों को पहली किस्त, 62,735 को दूसरी किस्त और 9,652 को तीसरी किस्त का लाभ मिला है। मदन राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार की यह योजना रेहड़ी-पटरी व्यापारियों को आर्थिक मजबूती देने, उन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## आदिवासी समाज हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं है, जनगणना में अलग कोड होः रामकेश मीणा

### विधानसभा में आमागढ़ किले का मामला गूंजा, कांग्रेस विधायक दल के उपसचेतक रामकेश मीणा ने कहा आमागढ़ किले पर किरोड़ी मीणाने मीणा समाज का झंडा फहराया था, भगवा नहीं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान आमागढ़ दुर्ग के बारे में कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा ने सरकार से सवाल पूछा । मीणा ने सरकार से सवाल में पूछा कि क्या सरकार अमागढ़ किले के दुर्गम रास्ते को सुगम बनाने और इस दुर्ग के संरक्षण और मरमत का विचार रखती है जिस पर वन मंत्री संजय शर्मा ने सवाल के जवाब में कहा कि आमागढ़ किले को लेकर सरकार गंभीर है और इस दुर्गा के संरक्षण मरम्मत इत्यादि सभी को लेकर सरकार काम करेगी । लेकिन बातों ही बातों में इस मामले में डॉक्टर किरोड़ी मीणा की ओर से आमागढ़ दुर्ग पर पूर्व में स्थापित किए गए झंडे की बात चर्चा में आ गई इस दौरान रामकेश मीणा ने कहा कि यह किला मीणा समाज के शासको की ओर से ही बनाया गया था और यहां पर डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने मीणा समाज का झंडा ही लहराया था भगवा झंडा नहीं, रामकेश मीणा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ डॉक्टर किरोड़ी मीणा का उपयोग करती है जब वोटो की जरूरत होती है तो डॉक्टर किरोड़ी को आगे कर देती है और फिर डॉक्टर किरोड़ी को भूल जाती है । उन्होंने कहा कि डॉक्टर किरोडी उनके समाज के सबसे बड़े लीडर हैं रामकेश मीणा ने वन मंत्री संजय शर्मा को इंगित करते हुए कहा कि अमागढ़ किले पर डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने मीणा समाज का ही झंडा स्थापित किया था जिसको पूरे



समाज ने स्वीकार किया था रामकेश मीणा ने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कहा कि आदिवासी समाज हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं है आदिवासी समाज रीति रिवाज हिंदू धर्म से बिल्कुल अलग हैं और आदिवासी समाज सिर्फ प्रकृति की पूजा करता है इसलिए आदिवासी समाज को हिंदू धर्म का हिस्सा मानना बिल्कुल गलत है। आदिवासी समाज के लोग कभी भी हिंदू धर्म को नहीं मानते सिर्फ प्रकृति के उपासक हैं इसलिए जनगणना में आदिवासी समाज के लिए अलग से कोड रखा जाए ताकि आदिवासी समाज के बारे में स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सके रामकेश मीणा के इस बयान के बाद एक बार फिर से आदिवासी समाज की मान्यता को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है हालांकि इस तरह की बहस पूर्व में भी छिड़ चुकी है भारत आदिवासी पार्टी भी शुरू से यही कहती रही है कि आदिवासी समाज हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं है बल्कि आदिवासी समाज की रीति रिवाज शादी जन्म मरण परण सभी पद्धतियां बिल्कुल अलग है और आदिवासी समाज हिंदू धर्म के देवी देवताओं को भी नहीं मानता बल्कि प्रकृति का उपासक है प्रकृति की पूजा करता है अब जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के आदिवासी समाज के विधायकों ने भी आदिवासी समाज को हिंदू धर्म से बिल्कुल अलग बता रहे हैं तो निश्चित रूप से यह मामला आने वाले दिनों में और भी गर्म हो सकता है ।

## सनसिटी जोधपुर में दिनदहाड़े गोलियों की गूंज, फायरिंग से लोगों में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सनसिटी जोधपुर में मंगलवार को राजस्थान हाई कोर्ट के पास शताब्दी सर्किल पर दिनदहाड़े दनादन गोलियां की आवाज सुनने के बाद आसपास के इलाके में दहशत छा गई। फायरिंग से एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है फायरिंग के बाद जोधपुर शहर में पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी शुरू कर दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक फायर करने वाले बदमाशों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई थी माना जा रहा है कि आपसी मनमुटाव की वजह से यह फायरिंग की वारदात हुई है फिलहाल इस वारदात में घायल हुए । अनिल साहू के स्वस्थ होने का इंतजार किया जा रहा है अनिल साहू और उनके परिजनों के बयान भी पुलिस लेने जा रही है फिलहाल पुलिस मिले संकेतों के आधार पर फायर करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है इसके लिए शताब्दी सर्कल इलाके में स्थित सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी बदमाशों का और उनके परिजनों के बयान भी पुलिस लेने जा रही है । फिलहाल पुलिस मिले संकेतों के आधार पर फायर करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है इसके लिए शताब्दी सर्कल इलाके में स्थित सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को संदेह है कि यह वारदात आपसी रंजिश और पुरानी मनमुटाव की वजह से हुई है बदमाशों ने सिर्फ दहशत फैलाने और डराने धमकाने की नीयत से ही फायर किए हैं जिसमें अनिल साहू के कंधे पर गोली लगने से वह घायल हुआ है । जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है पुलिस का कहना है कि इस मामले में अनिल साहू के बयान काफी महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि यह मामला पूरी तरह से पुरानी दुश्मनी से ही जुड़ा हुआ दिख रहा है इसलिए अनिल साहू से किस-किस के विवाद चल रहे थे और अनिल साहू को क्या कोई धमकी मिली हुई थी इसके बारे में भी पुलिस अनिल साहू से पूछताछ करके फरार बदमाशों को पहचानने का प्रयास करेगी लेकिन जोधपुर जैसे शहर में दिनदहाड़े इस तरह से फायरिंग की घटना होना निश्चित रूप से पुलिस की चौकसी पर कई सवाल खड़े करता है शहर के व्यापारिक संगठनों ने भी दिनदहाड़े हुई इस घटना की गहरी निंद की है ।

## राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली बैठक

### जिलेभर में 15 से 19 मार्च तक जनजातीय गौरव दिवस, युवा शक्ति दिवस, विकसित रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में बैठक ली। राजस्थान दिवस समारोह का शुभारंभ 15 मार्च को होगा। समारोह के तहत जिलेभर में 15 से 19 मार्च तक विकसित राजस्थान रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रम होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आमजन के साथ ही सभी विभागों की भागीदारी के साथ समारोह को भव्य बनाने के निर्देश दिये। राजस्थान दिवस के अवसर पर राजकीय कार्यालय एवं भवन भी रोशनी से जगमगायेंगे।



### 15 मार्च 'राजस्थान को जाने' क्विज

समारोह का औपचारिक शुभारंभ 15 मार्च को 'राजस्थान को जाने' क्विज के साथ होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। जिला स्तरीय ओ.डी.ओ.पी. मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही विकसित रन का आयोजन भी किया जाएगा।

### 16 मार्च को राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस

बेणेश्वर धाम, बांसवाड़ा में राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा, जहां जनसभा एवं प्रतिनिधिगणों के साथ संवाद, विकास कार्यों का शिलान्यास एवं जनजातीय कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिसका लाइव प्रसारण जिला स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है।

### 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस

17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जहां जयपुर में राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में रोजगार मेले, विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही, इस दिन जिलें में 'राजस्थान को जाने' क्विज का आयोजन होगा। इसी दिन सायं 5 बजे उद्योग विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों के साथ संवाद एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए एम्पलॉयमेंट लेटर हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

### 18 मार्च को होगी महाआरती

18 मार्च को जनप्रतिनिधियों द्वारा जिलेभर में देवस्थान विभाग के मंदिरों में आरती व पूजा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी दिन किसान एवं पशुपालक समृद्धि दिवस के रूप में मनाया जाएगा, भरतपुर में किसान एवं पशुपालक जनसभा में किसान एवं पशुपालक संवाद और विभिन्न कार्यों का शिलान्यास होगा। जिसका लाइव प्रसारण जिला स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है।

### 19 मार्च को आयोजित होगा राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह


19 मार्च को राजस्थान दिवस का जिले में मुख्य समारोह आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। राजस्थान दिवस मुख्य समारोह के अंतर्गत लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के निर्देश दिये जिससे कि आमजन विशेषकर युवाओं का परिचय प्रदेश की समृद्ध लोकसंगीत, नृत्य कला से हो सके। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, पुलिस, राजीविका, कृषि, वन, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# होर्मुज संकट और युद्ध की आंच, तेल आपूर्ति पर खतरा




पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में एक ओर इजराइल-अमेरिका की तरफ से हमले में ईरान के तेल उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है, तो दूसरी ओर ईरान के जवाब की जद में भी कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे खाड़ी के कई तेल उत्पादक देश आ रहे हैं। इसके अलावा, ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को जिस तरह बाधित कर दिया है, उसका मुख्य असर तेल की आपूर्ति पर पड़ना शुरू हो चुका है। हमलों की तीव्रता अगर बनी रही, तो केवल भारत नहीं, समूचे एशिया में तेल और गैस की कीमतें काफी बढ़ सकती हैं। एशिया के कई विकासशील देश शायद इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे और नतीजतन उन्हें अपने यहां तेल और गैस की मांग को घटाने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में भारत के सामने भी अपने तेल और गैस की जरूरत भर आपूर्ति को बनाए रखने की बहुस्तरीय चुनौती आ खड़ी हुई है। तेल खरीद के मोर्चे पर भारत जिन नई परिस्थितियों से दो-चार है, उसमें अब स्वाभाविक ही नए विकल्प तैयार करना वक्त का तकाजा है। दरअसल, व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। शायद यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता रोके जाने के बाद पैदा होने वाली स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए रूस या अन्य विकल्प की ओर देखने को लेकर अमेरिका ने नरम रुख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि भारत में एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस का पचास फीसद खाड़ी देशों से आता है, जिसका उपयोग बिजली उत्पादन और खाद बनाने में किया जाता है। इसी तरह एलपीजी का साठ फीसद इन्हीं देशों से आता है। मगर जब से ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित किया है, तब से तेल और गैस की सहज आपूर्ति पर इसका व्यापक असर पड़ा है। हमले के कई दिनों बाद भी दोनों पक्षों की ओर से युद्ध विराम के लिए किसी तरह की पहल करने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल और गैस का संकट खड़ा हो सकता है। हालांकि भारत के पास अगले करीब दो महीने के लिए अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त भंडार है, लेकिन अभी जिस तरह युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका दिख रही है, उसके मद्देनजर पूर्व तैयारी की जरूरत है। इसी वजह से भारत ने अब अपनी ऊर्जा खरीद की रणनीति में काफी बदलाव किया है, ताकि किसी एक रास्ते के बाधित होने पर आपातकालीन आपूर्ति भी बाधित होने की स्थिति न पैदा हो फिलहाल भारत ने जहां रूस से तेल खरीदने का रास्ता खुला रखा है, वहीं अब इसके सामने पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, मध्य एशिया और कई अन्य देशों से आपूर्ति को सहज बनाए रखने का विकल्प है। इसके अलावा, आस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने भी गैस आपूर्ति की पेशकश की है और मौजूदा संकट को देखते हुए भारत अपनी ऊर्जा साझेदारी के दायरे में विस्तार कर रहा है।



## कहानी

# भस्मासुर का अंत

प्राचीन काल में भस्मासुर नाम का एक राक्षस था । उसको पूरे विश्व पर राज करना था । अपनी यह मनोकामना पूर्ण होने हेतु उसने भगवान शिवजी की कठोर तपस्या की । उसकी अनेक वर्षों की दिन-रात की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ भस्मासुर के सामने प्रकट हो गए । भगवान शिवजी ने उससे कहा, 'मैं तुम्हारी कठोर तपश्चर्या से प्रसन्न हो गया हूं । तुम्हे जो वरदान चाहिए वह मांग लो ।' तब भस्मासुर ने शिवजी से अमर होने का वरदान मांगा । अमर होने का वरदान देना यह सृष्टि के नियमों के विरुद्ध होने के कारण शंकर भगवान ने उसकी यह मांग नकार दी । तब भस्मासुर ने शिवजी से एक ऐसा वरदान मांगा जो अत्यंत घातक था । भस्मासुर ने भगवान शिवजी से कहा, 'हे भगवान, आप मुझे कृपया यह वरदान दे कि मैं जिसके भी सिर पर हाथ रखूं वह तुरंत भस्म हो जाए । भगवान शिवजी तो भोलेनाथ हैं । उन्होंने भस्मासुर के इस वरदान के परिणाम का विचार नहीं किया तथा उस राक्षस को तथास्तु कहकर वरदान दे दिया । जैसे ही भस्मासुर को यह वरदान मिला, उसने शिवजी से कहा कि इस वरदान की सत्यता जानने के लिए मैं इसका प्रयोग सबसे पहले आप पर ही करूंगा और वह भगवान शिवजी को ही भस्म करने के लिए उनके पीछे दौड पडा । अब भगवान शिवजी को इस घातक वरदान के परिणाम का भान हुआ; परंतु वह तो वरदान दे चुके थे । इसलिए उसे वापस भी नहीं ले सकते थे । भगवान शिवजी जानते थे कि भगवान विष्णुजी ही इस समस्या को हल कर सकते हैं । भगवान शिवजी भगवान विष्णुजी से मिलने वैकुंठ पहुंचे । उन्होंने भगवान नारायण को भस्मासुर को वरदान देने की बात बताई । उन्होंने कहा, 'मैंने भस्मासुर को वरदान दिया है; परंतु वह उस वरदान का गलत उपयोग कर रहा है । वह मुझे ही भस्म करने के लिए मेरे पीछे पडा हुआ है । अब आपको ही उसका वध करना होगा । तब भगवान विष्णुजी ने भस्मासुर का अंत करने के लिए मोहिनी नामक सुंदर स्त्री का रूप धारण किया । इधर भस्मासुर भटक-भटक कर शिवजी को भस्म करने के लिए ढूंढ रहा था । उसी समय अत्यंत सुंदर रूप धारण कर भगवान विष्णुजी मोहिनी बनकर उसके सामने प्रकट हो गए । मोहिनी अपने नाम के अनुरूप ही अत्यंत मोहक और सुंदर थी । उसकी सुंदरता से मुग्ध होकर भस्मासुर उसे देखता ही रह गया । भस्मासुर यह भूल गया की वह भगवान शिवजी को भस्म करने के लिए ढूंढ रहा था । मोहिनी के रूप से मंत्रमुग्ध हुए भस्मासुर ने उसके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रख दिया । मोहिनी ने भस्मासुर की ओर हंसकर देखा और उससे कहा की वह सिर्फ उसी युवक से विवाह करेगी जो उसके समान ही नृत्य में प्रवीण हो।

अब भस्मासुर को तो नृत्य आता नहीं था । भस्मासुर विचार में पड गया क्योंकि उसे तो किसी भी प्रकार से मोहिनी से विवाह करना ही था । उसने मोहिनी से कहा, 'हे सुंदरी, मुझे आपसे विवाह करना है । मुझे नृत्य नहीं आता, परंतु आप मुझे नृत्य सिखाइए । मैं आपसे नृत्य सीखकर आपके साथ विवाह कर लूंगा । मोहिनी का रूप धारण किए हुए भगवान विष्णु तुरंत भस्मासुर को नृत्य सिखाने को तैयार हो गयी । उसने भस्मासुर को नृत्य सिखाना आरंभ कर दिया । भस्मासुर अपनी सुध-बुध भूलकर मोहिनी को अपेक्षिते नृत्य करने का प्रयास कर रहा था । भस्मासुर को मोहित होकर नृत्य करते देख मोहिनी रूपी श्री विष्णुजी ने नृत्य करते करते अपना हाथ अपने सिर पर रख दिया । उनके पीछे-पीछे भस्मासुरने भी अपना हाथ स्वयं के सिर पर रख दिया ।

# लोकतंत्र का उपहास उड़ाती रेवड़ी संस्कृति

*बजट राशि का ऐसा बेपरवाह आवंटन एक राजनीतिक प्रवृत्ति बन गया है और इसके दुष्परिणाम अनेक राज्यों में देखे जा सकते हैं। यह विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से रेवड़ी संस्कृति पर चिंता जताए जाने के बीच ही अभिनेता से नेता बने विजय ने घोषणा की कि उनके दल टीवीके की सरकार बनने पर 60 साल की उम्र तक की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता, हर परिवार को साल में छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, दिए जाएंगे। उन्होंने अन्य लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए युवतियों की शादी के समय आठ ग्राम सोना और एक रेशमी साड़ी देने का भी वादा किया। ऐसी योजनाओं ने कई राज्यों के राजकोष पर भारी दबाव बनाया है। पंजाब की स्थिति विशेषकर खराब है। यहां कुल राजस्व प्राप्ति का 18 प्रतिशत बिजली की सब्सिडी में ही व्यय हो रहा है। राज्य के बजट का 10 प्रतिशत से भी कम आवंटन विकास परियोजनाओं की मद में हो रहा है। बिजली सब्सिडी के अलावा अन्य लाभार्थी योजनाओं के चलते पंजाब का वित्तीय प्रबंधन इतना खराब हो चला है कि ऋण से राज्य सकल घरेलू उत्पाद यानि डेट टू एसजीडीपी रेशियो 45 से 46 प्रतिशत के करीब आ पहुंचा है। जबकि राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन यानी एफआरबीएम समिति इसे 20 प्रतिशत पर रखने का सुझाव देती है। इसके बाद भी पंजाब सरकार ने महिलाओं को हर माह 1,000 रुपये देने की घोषणा की है।*




अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा चुनावी राजनीति के दृष्टिगत मुफ्त सुविधाएं बांटने वाली प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना की। ऐसी राजनीति को देश के आर्थिक विकास में बाधक बताते हुए कोर्ट ने कहा कि समर्थ लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना गलत है और ऐसी सुविधाएं बांटने की बजाय सरकारों को रोजगार पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विद्युत संशोधन नियम 2024 के उस नियम 23 को रद करने की मांग की गई थी, जो राज्य सरकार द्वारा गरीब-अमीर, सभी को मुफ्त बिजली आवंटन के उसके प्रस्ताव में बाधा बन रहा था। सुनवाई के दौरान करदाताओं के पैसे का मुफ्त सुविधाओं और कैश ट्रांसफर के लिए अंधाधुंध उपयोग करने पर भी कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की। उसने इस पर हैरानी जताई कि वित्तीय घाटे के बावजूद राज्य सरकारें मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही हैं और इन योजनाओं के लाभार्थियों में संपन्न लोग भी शामिल हैं। चुनाव पूर्व इस वित्त वर्ष के लिए पेश तमिलनाडु के बजट में लगभग 99,000 करोड़ की राशि कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और मुफ्त योजनाओं के लिए आवंटित की गई है। यह राशि समूचे बजट की एक तिहाई बनती है, जबकि विकास कार्यों में खर्च होने वाली राशि इस व्यय की आधी यानी करीब 47,000 करोड़ है। बजट राशि का ऐसा बेपरवाह आवंटन एक राजनीतिक प्रवृत्ति बन गया है और इसके दुष्परिणाम अनेक राज्यों में देखे जा सकते हैं। यह विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से रेवड़ी संस्कृति पर चिंता जताए जाने के बीच ही अभिनेता से नेता बने विजय ने घोषणा की कि उनके दल टीवीके की सरकार बनने पर 60 साल की उम्र तक की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता, हर परिवार को साल में छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, दिए जाएंगे।


उन्होंने अन्य लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए युवतियों की शादी के समय आठ ग्राम सोना और एक रेशमी साड़ी देने का भी वादा किया। ऐसी योजनाओं ने कई राज्यों के राजकोष पर भारी दबाव बनाया है। पंजाब की स्थिति विशेषकर खराब है। यहां कुल राजस्व प्राप्ति का 18 प्रतिशत बिजली की सब्सिडी में ही व्यय हो रहा है। राज्य के बजट का 10 प्रतिशत से भी कम आवंटन विकास परियोजनाओं की मद में हो रहा है। बिजली सब्सिडी के अलावा अन्य लाभार्थी योजनाओं के चलते पंजाब का वित्तीय प्रबंधन इतना खराब हो चला है कि ऋण से राज्य सकल घरेलू उत्पाद यानि डेट टू एसजीडीपी रेशियो 45 से 46 प्रतिशत के करीब आ पहुंचा है। जबकि राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन यानी एफआरबीएम समिति इसे 20 प्रतिशत पर रखने का सुझाव देती है। इसके बाद भी पंजाब सरकार ने महिलाओं को हर माह 1,000 रुपये देने की घोषणा की है। वर्ष 2025-26 के अंत तक कर्नाटक पर कुल देनदारियां 7.64 लाख करोड़ तक पहुंच गई थीं, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 27 प्रतिशत है। कर्नाटक का डेट टू एसजीडीपी रेशियो अभी ठीक है, पर यह 10 वर्ष पूर्व की स्थिति से काफी खराब है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रवृत्ति को रेवड़ी संस्कृति बताते हुए इसकी आलोचना की थी, पर दुखद यह है कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी वित्त प्रबंधन बुरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। मध्य प्रदेश के 2026-27 के 4.38 लाख करोड़ रुपये के बजट में लगभग 80,000 करोड़ रुपये राशि का आवंटन कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया गया है। यह राशि लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, किसान कल्याण, तीर्थ यात्रा, साइकिल एवं दुग्ध वितरण और बिजली सब्सिडी जैसे प्रयोजनों पर खर्च की गई है। रेवड़ी संस्कृति के चलते पंजाब, बंगाल, आंध्र और राजस्थान ऐसे राज्य बन गए हैं, जहां ढांचागत विकास कार्यों पर पूंजीगत व्यय कुल बजट के 10 प्रतिशत से भी कम हो गया है। इस परिपाटी का दुखद पहलू यह है कि सामाजिक कल्याण और मुफ्तखोरी में भेद खत्म हो गया है। पार्टियां स्कूटी, टीवी, मिक्सर ग्राइंडर और सोना तक बांटने की घोषणा करती हैं। मुफ्तखोरी पर खर्च प्रत्येक रुपया शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ढांचागत विकास जैसे आवश्यक निवेश की कीमत पर हो रहा है, जिनसे गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन का दीर्घकालिक समाधान संभव है। ऐसा नहीं है कि पार्टियां यह सब समझती नहीं। उन्हें पता है कि उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि के बिना मुफ्तखोरी पर भारी खर्च मुद्रा का अवमूल्यन भी करेगा, फिर भी राजनीतिक हित राष्ट्र हित पर भारी पड़ रहे हैं। रेवड़ी आवंटन विकास कार्यों में तो बाधा बन ही रहा है, यह ऐसी राजनीतिक संस्कृति को भी जन्म दे रहा है, जहां नागरिकों का ध्यान सरकारों के शासकीय दायित्व से हटकर व्यक्तिगत लोभ और लालच पर अटका दिया गया है। जन अपेक्षा सरकारों की कार्यकुशलता और पारदर्शिता की बजाय इस ओर मुड़ रही है कि अगले चुनाव में कौन पार्टी कितनी लुभावनी योजनाएं घोषित करेगी।

# तूल न दें एनसीईआरटी की भूल को

*इस प्रक्रिया में सारे देश से आमंत्रित विशेषज्ञ भाग लेते हैं और प्रत्येक पांडुलिपि अनेक स्तरों पर पूरी तरह परखी जाती है। एनसीईआरटी की आलोचना भी अनेक अवसरों पर होती है, जिसके पीछे प्रायः वैचारिक/राजनीतिक प्रतिबद्धताएं ही हावी होती हैं। एनसीईआरटी से गलतियां भी होती रही हैं, लेकिन सामने आते ही सुधारी जाती हैं। खेद व्यक्त किए जाते हैं। जैसे कि एक बार एक किताब में कुछ पैराग्राफ लेखक ने नकल कर लिखे थे। मामला सामने आने पर त्वरित सुधार किए गए। एक अन्य पुस्तक में मेडागास्कर को अरब सागर में दिखाया गया था। उसे भी पुनः सुधार कर हिंद महासागर किया गया। जाहिर है एनसीईआरटी ने अपनी गलती मानी और पुस्तकों में परिवर्तन किए, लेकिन किसी ने किसी भी स्तर पर इसके पीछे किसी सोची-समझी साजिश की बात नहीं कही। यह संस्था सभी की है, देश की है। एनसीईआरटी*

गत दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) की कक्षा आठ की एक पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया, क्योंकि उसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक पाठ था। न्यायालय ने इसे लापरवाह और तिरस्कारपूर्ण माना। उसने और भी बहुत कुछ कहा, जैसे कि इसके पीछे गहरी साजिश है। यह सही प्रश्न पूछा जा रहा है कि केवल न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर ही अलग पाठ क्यों? हालांकि बाद में पता चला कि इसके पहले राजनीति तथा नौकरशाही में कदाचरण पर चर्चा हो चुकी है। अभी सुप्रीम कोर्ट में एनसीईआरटी को इस पूरे प्रकरण पर अपना पक्ष रखना है। संभवतः अध्यापकों और एनसीईआरटी ने केवल न्याय-व्यवस्था में भ्रष्टाचार पर अलग से पाठ लिखकर भूल की है और भूल करना अपराध नहीं है। भूलें अज्ञान या अनुभवहीनता के कारण हो सकती हैं और अधिकांश अवसरों पर सुधारी जा सकती हैं। इसके लिए उस संस्था को अपमानित करना आवश्यक नहीं। उस पुस्तक के पाठ में जो लिखा है, वह कितना सही या गलत है, यह तो लोग नहीं जानते, लेकिन न्यायपालिका के रुख पर देशव्यापी चर्चा हो रही है।

एनसीईआरटी की स्थापना 1961 में हुई। तब से यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में एक थिंकटैंक बनकर उभरी और उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी साख बनाई है। देश की हर व्यवस्था को चलाने वाले अधिकांश लोग तथा विद्वत वर्ग एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़कर जीवन में आगे बढ़े हैं और संस्था के प्रति आदरभाव रखते हैं। देश की उच्चतम प्रशासनिक सेवा में प्रवेश के लिए तैयारी करने वाले युवा एनसीईआरटी की पुस्तकों का पूर्ण विश्वास से अध्ययन करते हैं। एनसीईआरटी 'व्यक्ति से व्यक्तित्व' का निर्माण करती है और नैतिकता, आचारनीति तथा मूल्य-आधारित जीवन जीने के लिए देश के भविष्य को संवारने में संलग्न है। देश की शिक्षा की समय के साथ गतिशीलता और उपयोगिता बनाए




रखने के लिए समय-समय पर एनसीईआरटी नए पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या और पुस्तकें बनाती है।

इस प्रक्रिया में सारे देश से आमंत्रित विशेषज्ञ भाग लेते हैं और प्रत्येक पांडुलिपि अनेक स्तरों पर पूरी तरह परखी जाती है। एनसीईआरटी की आलोचना भी अनेक अवसरों पर होती है, जिसके पीछे प्रायः वैचारिक/राजनीतिक प्रतिबद्धताएं ही हावी होती हैं। एनसीईआरटी से गलतियां भी होती रही हैं, लेकिन सामने आते ही सुधारी जाती हैं। खेद व्यक्त किए जाते हैं। जैसे कि एक बार एक किताब में कुछ पैराग्राफ लेखक ने नकल कर लिखे थे। मामला सामने आने पर त्वरित सुधार किए गए। एक अन्य पुस्तक में मेडागास्कर को अरब सागर में दिखाया गया था। उसे भी पुनः सुधार कर हिंद महासागर किया गया। जाहिर है एनसीईआरटी ने अपनी गलती मानी और पुस्तकों में परिवर्तन किए, लेकिन किसी ने किसी भी स्तर पर इसके पीछे किसी सोची-समझी साजिश की बात नहीं कही। यह संस्था सभी की है, देश की है। एनसीईआरटी की हर पुस्तक के प्रकाशन के लिए अंतिम स्वीकृति निदेशक की ही होती है। नैतिक जिम्मेदारी भी उसी की होती है। वर्तमान प्रकरण में भी ऐसा ही माना जाना चाहिए। 2002-03 में इतिहास की एक पांडुलिपि तत्कालीन निदेशक के समक्ष प्रस्तुत की गई। उसमें एक वाक्य था, 'राजीव गांधी की हत्या तमिल क्रिश्चियन व्यक्ति द्वारा की गई।' एक पाठ का शीर्षक था, 'इस्लामिक कट्टरवाद।' यह सही है कि निदेशक एक शब्द भी लेखक की अनुमति के बिना बदल नहीं सकते, लेकिन वह पांडुलिपि को अस्वीकृत कर सकते हैं। तब भी ऐसा ही किया गया और नई पांडुलिपि तैयार की गई। एनसीईआरटी की पुस्तकों में परिवर्तन के सुझाव साल भर अध्यापकों, छात्रों, लेखकों तथा विद्वानों की ओर से आते रहते हैं। संस्था के विद्वान विशेषज्ञ उनका अध्ययन करते हैं, और जहां आवश्यक होता है परिवर्तन करते हैं।

# संकट बढ़ाता युद्ध

अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध के तेज होने के बीच कच्चे तेल की कीमतें जिस तरह सौ डालर पार कर गईं, उससे विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष संकट गहराता जा रहा है। चूंकि ईरान अमेरिकी और इजरायली हमलों का जवाब देने के क्रम में खाड़ी के देशों पर भी हमले कर रहा है, इसलिए पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति और बाधित होने की ही आशंका है। इस क्षेत्र से तेल एवं गैस की आपूर्ति जिस होर्मुज समुद्री मार्ग से होती है, वह ठप है। फिलहाल इसके संकेत नहीं कि इस जल मार्ग से तेल और गैस टैंकर गुजर सकते हैं। यदि पश्चिम एशिया युद्धग्रस्त बना रहा तो तेल और गैस के साथ उर्वरकों के भी




दाम बढ़ सकते हैं। इजरायल और विशेष रूप से अमेरिका को इसका आभास होना चाहिए था कि ईरान को निशाना बनाने की स्थिति में वह होर्मुज जल मार्ग बंद कर सकता है और इससे पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति थम जाएगी, जिसके नतीजे में तमाम देशों के समक्ष संकट खड़ा हो जाएगा। समझना कठिन है कि अमेरिका ऐसे उपाय क्यों नहीं कर सका, जिससे पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति थमने न पाती। वह अब भी ऐसे उपायों के बारे में नहीं सोच रहा है और उलटे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप तेल के बढ़ते दामों से बेफिक्र दिख रहे हैं। उनका यह कहना घोर गैर जिम्मेदाराना ही है कि ईरान को परमाणु मुक्त करने के लिए वे यह 'छोटी कीमत' चुकाने को तैयार हैं। ट्रंप एक ओर खुद को विश्व व्यवस्था की दशा-दिशा तय करने वाले स्वयंभू नेता के तौर पर प्रदर्शित करते हैं और दूसरी ओर उसे खतरे में डालकर भी बेपरवाही दिखा रहे हैं। अब तो ऐसा भी लगता है कि उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमता और वहां की आंतरिक स्थितियों का ढंग से आकलन किए बिना ही उस पर हमला बोल दिया। इजरायल-अमेरिका यह मानकर चल रहे थे कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के मारे जाते ही वहां आसानी से सत्ता परिवर्तन हो जाएगा और ईरानी सेना एक सीमा से अधिक प्रतिरोध नहीं कर पाएगी, पर फिलहाल ऐसा कुछ होता दिख नहीं रहा है। ईरान ने खामेनेई से कहीं अधिक कट्टर माने जाने वाले उनके बेटे मोजतबा को अपना नया सर्वोच्च नेता चुनकर यही संकेत दिया कि वहां सत्ता परिवर्तन होने नहीं जा रहा है।

## राशन डीलरों को 7 माह से नहीं मिला कमीशन, आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के राशन डीलरों को गेहूं वितरण के एवज में मिलने वाला कमीशन करीब सात माह से नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। डीलरों का कहना है कि वे नियमित रूप से उपभोक्ताओं को सरकारी योजना के तहत गेहूं का वितरण कर रहे हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते उन्हें समय पर कमीशन का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। डीलरों के अनुसार कमीशन नहीं मिलने से दुकान संचालन, परिवहन खर्च तथा अन्य व्यवस्थाओं को संभालना मुश्किल होता जा रहा है। कई डीलरों ने बताया कि बार-बार संबंधित विभाग को अवगत कराने के बावजूद भी अब तक भुगतान की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। डीलरों ने सरकार व विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द बकाया कमीशन जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके और राशन वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।

## सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं के तत्वाधान में मंगलवार को सैनी समाज सभा भवन पर सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया, रामेश्वर लाल सिंगोदिया, रामचंद्र तंवर ने अपने उद्बोधन में सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला तथा शिक्षा की अलख जगाने वाली माता सावित्री बाई फूले को याद किया। इस अवसर पर सैनी समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरा लाल सैनी, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चांदोलिया, माली समाज विकास समिति के मंत्री मदनलाल मालेरिया,कुमार गौरव, महेंद्र जमालपुरिया, पूर्व अध्यक्ष सुवालाल सिंगोदिया, अर्जुनलाल सिंगोदिया,रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, ओमकार तंवर, छीतरमल बेबरवाल, नंछूराम बिसनालिया, पूर्व अध्यक्ष मदन लाल जादम, पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल तंवर, राज कुमार कांकरवाल, रामेश्वर लाल चंदोलिया, हीरालाल जादम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विधानसभा में उठाया राशन घोटाले का मुद्दा

जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधानसभा क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों (राशन की दुकानों) में हो रहे भ्रष्टाचार और गेहूं के गबन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक खंडेलवाल ने ग्राम पंचायत लाडपुरा और बरुंदनी में राशन वितरण में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री से तीखे सवाल किए।विधायक खंडेलवाल ने सदन को बताया कि ग्राम पंचायत लाडपुरा में उचित मूल्य दुकानदार रेणु कुमारी मीणा की ओर से राशन वितरण में धांधली की गई है। विभाग की जांच में लगभग 90.41 क्विंटल गेहूं का गबन पाया गया था। विधायक ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गबन और भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बावजूद संबंधित दुकानदार के खिलाफ विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई करने में देरी की जा रही है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। गरीबों के हक के अनाज की चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी ने लोकसभा में दक्षिण भारत के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी

जयपुर टाइम्स



**जालौर(निस)।** जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी ने लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत रेलवे का मुद्दा उठाया। चौधरी ने कहा कि जालोर से क्रमशः बेंगलुरु, हैदराबाद, कोयम्बटुर, इरोड, काकीनाडा, सेलम, हैदराबाद, त्रिवेन्द्रम, एर्नाकुलम, नागपुर, बेल्लारी, विशाखापटनम, रामेश्वरम, हुबली, पुणे से जोधपुर वाया समदड़ी भीलड़ी गर्मियों की छुटियों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाइ जाए। बाड़मेर यश्वंतपुर एसी एक्सप्रेस 14805/14806 को सप्ताह में सातों दिन चलाया जाए, चैन्नई भगत की कोठी रेल में पेन्टीकार रसोईयान की सुविधा उपलब्ध करायी जाए और इस रेल में सुरक्षा की दृष्टि से आपीएफ के जवानों की नियुक्ति की जाए। चैन्नई भगत की कोठी 20625-20626 एक्सप्रेस रेल का ठहराव मोदरान रेलवे स्टेशन पर दिया जाए। जालोर से जयुपर दिल्ली वाया लूणी पाली मारवाड (रेलमंत्री की घोषणा के अनुसार ) नई रेल सेवा प्रारंभ किया जाए। बाकरा रोड रेलवे स्टेशन पर जोधपुर दादर 14807/14808 साबरमति जोधपुर 20485/20486 ट्रेनों का ठहराव एवं कंप्यूटरीकृत आरक्षण खिड़की की सुविधा उपलब्ध किया जाए। 22421/22422 सालासर एक्सप्रेस एवं 22483 /22484 जोधपुर गांधीधाम दोनों गाडियों को मर्ज कर गॉधीधाम से दिल्ली जयपुर वाया समदडी भीलडी नई रेल सेवा का संचालन किया जाए। मारवाड रतनपुर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित रतनपुर गांव के पास अंडरपास का निमार्ण किया जाए। भीनमाल शहर के जसवंतपुरा रेलवे क्रासिंग पर रेल ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज बनवाने की मांग की।

# शीतला माता को लगाया बासोड़ा का भोग, मेले में उमड़े श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** शहर के सिरे मंदिर मार्ग पर आयोजित शीतला माता मेले में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही माता को बासोड़ा का भोग लगाने के लिए श्रद्धालु लाइन में लगे दिखे। माता के दर्शन के लिए जाने वालों के लिए नगर परिषद की ओर से पूरी तरह से लकड़ी की रेलिंग लगाकर रास्ता बनाया गया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को माता के दर्शन के लिए जाने में कोई परेशानी नहीं हो। इधर यातायात व्यवस्था भी काफी सख्त रही। भीड़ भाड़ वाली जगह पर वाहनों को प्रवेश नहीं दिया गया इसके लिए बाकायदा पार्किंग स्थल बनाए गए। जिसमें चार पहिया वाहन को पार्क किया गया। वहीं दुपहिया वाहनों के लिए भी व्यवस्था की गई। उससे आगे किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया गया। मेले में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि धूप काफी होने के बावजूद भी लोगो का जोश कम नहीं हुआ। बता दें कि शीतला माता को बासोड़ा का भोग लगाया जाता है इस दिन लोग ठंडा भोजन ही करते हैं इससे पहले सुबह माता को भोग लगाया जाता है, उसके बाद परिवार के लोग भोजन करते हैं, यह भोजन एक दिन पहले यानी रात में बनाया जाता है। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह जगह पानी और शरबत के स्टॉल लगते हैं। मेले में आने वालों के लिए युवा जगह जगह पर पानी, शरबत आदि के स्टॉल लगाते हैं ताकि इतनी गर्मी में किसी को कोई परेशानी नहीं हो यह सेवाभावयुवाओं की विभिन्न टोलियां करती है। शहर के मुख्य मार्ग से लगाकर मेले तक यह व्यवस्था रहती है। नाथजी की फ़ौज समेत कई टोलिया यह व्यवस्था करती है। मेले में दर्शन के अलावा लोग खरीदारी का भी लुप्त उठाते हैं इसके लिए पहले से ही दुकानदारों को दुकान का आवंटन कर दिया जाता है। जिसमे घरेलू सामान से लगाकर सजावट व दैनिक उपयोग की चीजें भी उपलब्ध रहती है। बच्चों के लिए झूले भी आकर्षक का केंद्र है जिसमे वे लुप्त उठाते हैं। इस दौरान पुलिस व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रही और जगह जगह यातायात पुलिस के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। नगर परिषद की ओर से मेले के आयोजन को लेकर भी व्यवस्था को अंजाम दिया गया।

# सामोद वीर हनुमान मंदिर में आतंकी सूचना से हड़कंप

## एटीएस क्यूआरटी का ऑपरेशन, मॉकड्रिलः सुरक्षा तैयारिया का जायजा

जयपुर टाइम्स



**चौमू(निस)।** सामोद स्थित वीर हनुमान धाम मंदिर में मंगलवार को आतंकवादियों की छिपे होने की सूचना मिली।।इस खबर के बाद इलाके में पुलिस और सुरक्षा एजेंसी तुरंत सक्रिय हो गई। सूचना मिलते ही एंटी टेररिस्ट स्क्वाड, क्विक रिएक्शन टीम, की टीम मौके पर पहुंची उन्होंने मंदिर परिसर को चारों ओर से घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल से जांची सुरक्षा तैयारी, ऑपरेशन के तहत टीमों ने दो आतंकवादियों को बंधक बनाने और उन्हें निष्क्रिय करने की कार्रवाई का अभ्यास किया। मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियों की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में कुछ समय के लिए दहशत और डर का माहौल बन गया। पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए आसपास के सभी क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया।

थोड़ी देर बाद यह ज्ञात हुआ कि यह कोई वास्तविक घटना नहीं बल्कि सुरक्षा एजेंसी की ओर से आयोजित एक मॉकड्रिल थी। इस अभ्यास का तात्पर्य यह है कि भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर संभावित आतंकवादी हमले से मुकाबला करने की तैयारी को परखना था।

अधिकारियों के अनुसार समय-समय पर मॉक ड्रिल का लक्ष्य पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की आपात स्थिति में शीघ्र प्रतिक्रिया और तैयारियां सुनिश्चित करना है। मॉकड्रिल की जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने सामान्य स्थिति महसूस की।

## केवल बालिकाओं के लिए संचालित हो महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोपीनाथ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा शहर में वर्तमान में कक्षा 1 से 12 तक दो विद्यालय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रूप में संचालित हैं। इनमें से एक विद्यालय बेसिक स्कूल, राजाखेड़ा है, जो वर्तमान में सह-शिक्षा के रूप में संचालित हो रहा है। राजाखेड़ा के प्रबुद्ध नागरिकों ने यह महत्वपूर्ण मांग उठाई है कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गोपीनाथ को विशेष रूप से बालिकाओं के लिए समर्पित विद्यालय के रूप में संचालित किया जाए। ज्ञातव्य है कि गोपीनाथ विद्यालय वर्तमान में स्थानाभाव व जर्जर एक कमरे में संचालित होने के कारण अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्षरत है। इस विद्यालय के लिए नई व उपयुक्त जगह पर स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसी संदर्भ में बालिका विद्यालय अतिक्रमण हटाओ संघर्ष समिति के संयोजक रामकिशोर दिवाकर मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, स्थानीय भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, तथा शिक्षा विभाग के सीनियर आई ए एस, कृष्ण कुणाल (शिक्षा सचिव) को पत्र प्रेषित कर निवेदन किया है कि बेसिक विद्यालय, राजाखेड़ा को बालकों के लिए संचालित किया जाए। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गोपीनाथ को कक्षा 1 से 12 तक अंग्रेजी माध्यम बालिका विद्यालय के रूप में संचालित किया जाए। यदि ऐसा किया जाता है, तो राजाखेड़ा नगर की उन बालिकाओं को अत्यंत लाभ मिलेगा जो तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के कारण बालिका विद्यालय तक नहीं पहुँच पातीं। शहर के मध्य में सुरक्षित वातावरण में संचालित बालिका विद्यालय से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं मजदूर वर्ग के परिवारों की बेटियों को शिक्षा का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। राज्य सरकार की संवेदनशीलता और राजाखेड़ा की जनता के सहयोग से बालिका विद्यालय की भूमि से वर्षों पुराना अतिक्रमण भी हटने की प्रक्रिया में है। नए अधिशासी अधिकारी विष्णु परमार की कार्यकुशलता और तत्परता से यह कार्य शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद है। राजाखेड़ा के उत्साही व जुझारू लोगों से इस मुहिम में सक्रियता के साथ जुड़ने की अपील कर 9672550600 पर संपर्क करने का आग्रह किया है। राजाखेड़ा की जनता को विश्वास है कि सरकार की सकारात्मक पहल से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गोपीनाथ को नए स्थान पर स्थापित कर समर्पित बालिका विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में बालिका शिक्षा को नई दिशा और सशक्त आधार मिलेगा।

## विहिप केंद्रीय मंत्री ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** विश्व हिंदू परिषद धर्मप्रसार की ओर से महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से जयपुर महानगर में संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों के तहत कागदीवाड़ा बस्ती स्थित केंद्र का अवलोकन विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व धर्मप्रसार के अखिल भारतीय प्रमुख सुधांशु पटनायक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने से न केवल सशक्त समाज का निर्माण होगा, बल्कि नारी शक्ति को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र पर साप्ताहिक सत्संग प्रारंभ कर पूरे मोहल्ले में मातृशक्ति जनजागृति का कार्य करने का भी आह्वान किया। धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सीएम भार्गव ने बताया कि मुंबई प्रवासी नंदलाल, मनमोहन और सोहन गोयनका ने अपनी माताजी शांति देवी की स्मृति में जयपुर महानगर में संचालित दो सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। सिलाई प्रशिक्षक पूजा महावर के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनें सिलाई, कढ़ाई और डिजाइनिंग की कला में दक्ष बनकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इस दौरान आरती महावर, कनक बारी, मोहिनी महावर, जाह्नवी मेहरा और लक्ष्मी महावर सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने सिलाई कर तैयार की गई पोशाकों का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में जिला विहिप मंत्री लालचंद और सह मंत्री संदीप शर्मा केंद्र संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास की सराहना की।

## कालाडेरा में स्क्रैप चोरी का खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस)।** उपखंड क्षेत्र की कालाडेरा पुलिस ने रीको स्थित बालाजी एग्रो फैक्ट्री में हुई स्क्रैप चोरी का खुलासा किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया नोजल स्क्रैप बरामद कर लिया गया है। कालाडेरा थाना प्रभारी पूजा पूनिया ने बताया कि भूटेड़ा निवासी गौरी शंकर जाट ने 2 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार चोर बालाजी एग्रो फैक्ट्री से नोजल स्क्रैप चुरा ले गए थे। मामला दर्द होने के बाद पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों से सूचना के आधार पर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी सनी उम्र 19 वर्ष पुत्र राजू हरिजन निवासी जयसिंहपुरा शेखावतान हरमाड़ा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री में स्क्रैप चोरी करना कबूल किया। उसने बताया कि चोरी का माल कबाड़ी मिजान नूर को बेचा है। इसके बाद पुलिस ने 8 मार्च को कबाड़ी मिजान नूर उम्र 34 वर्ष पुत्र मिनाश मोहम्मद निवासी कॉलेज मोड कालाडेरा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी का स्क्रैप नोजल माल लिया गया, वह बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कुंजबिहारी बने कांग्रेस एससी विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष



**बिजौलिया(निस)।** कस्बा निवासी कुंजबिहारी मेहर को कांग्रेस एससी विभाग का बिजौलियां ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की हैं।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा ने नियुक्ति पत्र जारी कर मेहर को जिम्मेदारी सौंपी गई। कुंज बिहारी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (एससी विभाग) ममता भूपेश, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) भीलवाड़ा राम लाल जाट, भूपेंद्र सिंह पुरावत सिंगोली व कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।वहीं विक्रम सोनी, अनिल सिंह राव, अमित सनाढ्य, गजेंद्र सिंह व कमलेश सेन समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेहर का साफा-माला पहना कर स्वागत किया गया और मुंह मीठा करवाया।



# कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खैरथल - तिजारा

क्रमांक/मुख्य/एनएचएम / 2025-26/1463 दिनांकः- 10.3.2026

**निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा के अधीन संचालित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) के लिए के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी, सबहेल्थ सेन्टर, उपस्वास्थ्य केन्द्र पर रिब्रान्डिंग के लिए निविदा पंजीकृत फर्म/एजेन्सी के माध्यम से निम्नलिखित प्रकार निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य | अनुमानित लागत लाखों में | बयाना राशि रू. में | बोली फार्म राशि रू. में | ऑनलाइन बोली आवेदन डाउनलोड / प्राप्त करने की तिथि | बिड सिक्योरिटी, निविदा शुल्क व टेण्डर फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बिड खोलने की दिनांक | यूबीएन नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी सबहेल्थ सेन्टर, उपस्वास्थ्य केन्द्र पर रिब्रान्डिंग | 50 लाख | 100000 | 1000 | 09.03.2026 को 5.00 पीएम से 18.03.2026 11 बजे तक | 18.03.2026 को सुबह 12.00 बजे तक | 18.03.2026 को सांय 4.00 बजे तक | MHS2526SLRC07318 |

उपरोक्त निविदाएं www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
खैरथल - तिजारा

# कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खैरथल - तिजारा

क्रमांक/मुख्य/एनएचएम / 2025-26/1464 दिनांकः- 10.3.2026

**निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा के अधीन संचालित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) के लिए आईटी उपकरण के लिए निविदा पंजीकृत फर्म / एजेन्सी के माध्यम से निम्नलिखित प्रकार निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य | अनुमानित लागत लाखों में | बयाना राशि रू. में | बोली फार्म राशि रू. में | ऑनलाइन बोली आवेदन डाउनलोड / प्राप्त करने की तिथि | बिड सिक्योरिटी, निविदा शुल्क व टेण्डर फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बिड खोलने की दिनांक | यूबीएन नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) के लिए आईटी उपकरण | 22 लाख | 44000 | 1000 | 09.03.2026 को 5.00 पीएम से 18.03.2026 11 बजे तक | 18.03.2026 को सुबह 12.00 बजे तक | 18.03.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक | MHS2526GLRC07317 |

उपरोक्त निविदाएं www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
खैरथल - तिजारा

## चूरू जिला प्रभारी कल्पना जांगिड़ को किया सम्मानित


जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा चूरू की तहसील अध्यक्ष मीनाक्षी जांगिड़ व कार्यकारिणी ने चूरू जिला प्रभारी व पूर्व तहसील अध्यक्ष कल्पना जांगिड़ को दुप्पटा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी की पदाधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर रेखा जांगिड़, अनिता जांगिड़, किरण जांगिड़, शीला जांगिड़ व सीता जांगिड़ सहित अनेक महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।

## पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान समारोह आज

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ोदरा के तत्वावधान में 11 मार्च बुधवार शाम को पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय पीसीबी स्कूल में होगा। जिसमें दी यंग्स क्लब आफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को सामाजिक और सांस्कृतिक सेवा कार्यों के लिए पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। गांव बड़ाबर के मूल निवासी और देश के अग्रणी कथक नृत्याचार्य पंडित सुंदरलाल गंगानी और उनकी धर्मपत्नी चंद्रकला गंगानी की स्मृति में आयोजित इस सम्मान स्वरूप मानपत्र, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य रणवीरसिंह महरिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कथक गुरु प्रोफेसर डॉ. जगदीश गंगानी, वडोदरा करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में यंग्स क्लब के सचिव महावीर मिरनका और वरिष्ठ नागरिक तनसुख राय रामपुरिया होंगे। समारोह का संयोजन साहित्यकार व मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा करेंगे।

## मृत सरस्वती देगी दो लोगों को नई रोशनी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर की भरतियों की ढाणी की रहने वाली सरस्वती देवी प्रजापत के मरणोपरांत उनके परिजनों ने नेत्र दान का निर्णय लेकर जरूरतमंद दो लोगों के रोशनी देने का कार्य किया है। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के सीताराम जांगिड़ ने बताया कि सोमवार को ओमप्रकाश घोड़ेला की पत्नी सरस्वती देवी प्रजापत का 67 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। समिति के रामरतन प्रजापत से बात की और दोनों घोड़ेला के घर गए और सरस्वती के पुत्र भंवरलाल व पालिका निवृतमान प्रतिपक्ष नेता लालचंद प्रजापत, राधाकृष्ण व विष्णु प्रजापत से चर्चा करते हुए उन्हें नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित किया। परिवार की सहमति बनने के बाद सरदारशहर नेत्र बैंक से अनुरोध किया गया, तो नेत्र बैंक के टेक्निशियन भंवरलाल प्रजापत व दिनेश शर्मा सोमवार रात एक बजे रतनगढ़ पहुंचे तथा सरस्वती देवी का कॉर्नियां प्राप्त कर लिया तथा परिजनों को मौके पर ही नेत्रदान का प्रमाण पत्र प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि समिति के तत्वावधान में यह प्रथम नेत्रदान है, इससे अन्य नागरिकों को भी नेत्र दान करने की प्रेरणा मिलेगी।

## राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 18वाँ स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में सम्मान और संस्कृति का संगम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** 'राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और शोधार्थियों के रूप में हीरे गढ़ने का कार्य कर रहा है और इस चमक को बनाए रखना विश्वविद्यालय समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है।' यह कहना था प्रो. सच्चिदानंद जोशी, माननीय सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली का। वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय के '18वें स्थापना दिवस' और 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह ' के संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत शॉल, स्मृति चिन्ह, भगवद गीता और भगवान गणेश की प्रतिमा प्रदान कर किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। प्रो. जोशी ने विश्वविद्यालय को 18वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जैसे 18 वर्ष की आयु नागरिक अधिकारों, जिम्मेदारियों और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की शुरुआत का प्रतीक होती है, उसी प्रकार अब विश्वविद्यालय भी परिपक्वता के चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अब यह केवल विकसित हो रहा संस्थान नहीं, बल्कि एक परिपक्व विश्वविद्यालय है, जिसे समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और गंभीरता से निभाना होगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह दिन केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक संकल्प है कि हम अपने समाज को ऐसा बनाएँ जहाँ हमारी माएँ और बहनें न केवल सुरक्षित बल्कि सशक्त भी महसूस करें। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं पर आधारित अपनी काव्य पंक्तियाँ भी साझा कीं। संस्कृति के महत्व पर बल देते हुए प्रो. जोशी ने कहा कि कोई भी कलाकार केवल अलंकरण के लिए कला प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि वह समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के इस दौर में जहाँ एक ओर ज्ञान और सूचना के अनेक स्रोत उपलब्ध हैं

### शीतला माता मंदिर पर ठंडे पकवानों का भोग लगाया

## आज भरेगा शीतला माता जी का मेला

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान स्थित शीतला माता मंदिर पर शीतला माताजी का पूजन शुरू हो चुका है। श्रद्धालु शीतला माता मंदिर पर पहुंचकर ठंडे पकवानों को भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सोमवार से शुरू हुआ शीतला माता जी का पूजन बुधवार देर शाम तक चलेगा। शीतला माता मंदिर पर 11 मार्च बुधवार को शीतला अष्टमी पर विशाल मेला भरेगा। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर पहुंचेंगे और ठंडे पकवानों का भोग लगाएंगे। मंदिर पर धोक लगाने आई श्रद्धालु शालू और ममता ने बताया कि माता को बासी खाने का भोग लगाया जाता है। हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का बहुत बड़ा महत्व है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर शीतला अष्टमी का व्रत किया जाता है। जिसे बासेड़ा पूजा भी कहा जाता है। इस दिन माता को बासी खाने का भोग लगाया जाता है। इस साल शीतला अष्टमी का व्रत 11 मार्च को रखा जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस दिन माता की पूजा करने से भक्त रोगों से दूर रहते हैं। शीतला माता को चेचक की देवी माना जाता है। उन्हें सफाई का प्रतीक माना जाता है जो ताप या अग्नि उत्पन्न करने वाले रोगों से मुक्त करती हैं। अष्टमी के दिन मां शीतला को पूजन के समय बासी शीतल पदार्थों का भोग लगाया जाता है। जिसमें मीठे चावल, बिना नमक की पूड़ी, पूए, गुलगुले, पकौड़े, कढ़ी, चने की दाल, हलुवा, राबड़ी आदि शामिल हैं। शीतला अष्टमी या बासेड़ा पर्व के दिन घरों में भोजन पकाने के लिए आग नहीं जलाई जाती हैं। इसलिए माता को चढ़ने वाला प्रसाद एक दिन पहले ही तैयार कर लिया जाता है। माना जाता है कि देवी शीतला अपने भक्तों को कई रोगों से रक्षा करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार शीतला माता को बासी भोजन ही पसंद है। इसलिए उनको बासी खाने का ही भोग लगाया जाता है और इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता हैं। श्रद्धालु मोनिका ने बताया कि इसका एक वैज्ञानिक कारण भी है। चैत्र का महीना ठंड के जाने और गर्मियों के शुरू होने के लिए जाना जाता है। मौसम के बदलाव में बीमार होने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में ठंडा खाना खाया जाता है। ठंडा भोजन करने से पेट और पाचन तंत्र को भी लाभ मिलता हैं।

## मण्डावा में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

### सिध्दांतों पर चलने का आह्वान

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा में देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मंगलवार को समाजबंधुओं ने उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम फतेहपुर मार्ग स्थित सैनी समाज संस्थान - भवन के हनुमान मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एड़वोकेट व पूर्व पार्षद राजकुमार सैनी ने सावित्रीबाई फुले के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा, सामाजिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उन्होंने समाज में शिक्षा की अलख जगाकर महिलाओं और वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। समाजबंधुओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजकुमार सैनी एडवोकेट, महेंद्र सैनी सचिव सैनी समाज संस्था,बेगराज चोपदार, रीघकरण सैनी, शंकर लाल इंदौरिया, पवन चुनवाल, बाबूलाल बालान, श्यामलाल बालान, राम अवतार महरिया, महावीर चुनवाल, विनोद सैनी जगदीश पापटवान, जसवंत बालन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भगवानदास तोदी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल, जयपुर तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) इकाइयों, एनसीसी और रेंजर-रोवर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि उनके निर्देशन में यह 18वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, रेंजर-रोवर्स, विद्यार्थियों के साथ-साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कुल 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी रहेगा। शिविर को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा, एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. नरेश कुमार वर्मा, रेंजर-रोवर्स अधिकारी डॉ. जितेन्द्र काटिया सहित महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। शिविर के अंत में संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल के रक्त बैंक शिविर प्रभारी सुखबीर सिंह भाटी ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव आशकरण शर्मा और एनएसएस व एनसीसी प्रभारियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## शिक्षिका रेणु चौधरी जिला स्तर पर पन्नाध्याय सुरक्षा व सम्मान अवार्ड से सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरदारशहर की बेटी शिक्षिका रेणु चौधरी को चूरू में जिला स्तरीय पन्नाधाय सुरक्षा व सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व सीईओ श्वेता कोचर द्वारा रेणु चौधरी की ओर से किए गए सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया है। इस अवसर पर महिला व बाल विकास विभाग उपनिदेशक नरेंद्रसिंह शेखावत, महिला अधिकारिता विभाग सहायक निर्देशक राजेंद्र सिंह शेखावत व अन्य विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। गौरतलब है कि शिक्षिका रेणु चौधरी शिक्षा में उच्च प्राचार्य पद पर कार्यरत होते हुए भी समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती है। चाहे वो मेडिकल क्षेत्र हो, महिला व बालिकाओं हेतु कार्य हो, चाहे कोई भी गरीब व्यक्ति की सहायता की बात हो या भामाशाह के रूप में योगदान देना हो। समाज सेवा की प्रेरणा रेणु चौधरी अपने दादाजी मोहनलाल चौधरी और पिताजी निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी से उत्तराधिकार में प्राप्त हुई। रेणु चौधरी के पति राजेश चौधरी भी रेणु चौधरी के प्रेरक रहे है। रेणु चौधरी के समाज के प्रति सेवा लगन और जज्बे के कारण ही इनको जाट विकास परिषद सरदारशहर का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। विद्यार्थी जीवन में रेणु चौधरी को राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार से भी नवाजा गया है।

## करवा स्कूल में विज्ञान संकाय स्वीकृत करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री के ओएसडी सुगनचंद मंडार को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजकीय अजोध्या बाई करवा उच्च माध्यमिक विद्यालय में काफी समय से विज्ञान संकाय स्वीकृत करने की मांग चली आ रही है। अतः जल्द से जल्द इस विद्यालय में विज्ञान संकाय स्वीकृत किया जाए।

## मोटर साइकिल फिसलने से दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मंगलवार शाम को लाडनूं रोड पर स्थित आरके गार्डन के पास मोटरसाइकिल स्लिप होने से दो युवक घायल हो गए, जिनको उधर से गुजर रहे एटीएस के जवान रामस्वरूप निवासी लोहा, 108 एम्बूलेंस कर्मियों व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में राजू (32) पुत्र भीखाराम जाट, सुखाराम (36) पुत्र अमराराम जाट, निवासी गनोड़ा के नाम शामिल हैं। वहीं मामले की सूचना लाडनू पुलिस को भी दी गई है।

## मण्डावा में शीतला माता का लक्खी मेला आज



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** उपखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन शीतला मन्दिर में शीतला माता का लक्खी मेला मंगलवार से शुरू हो गया है। बुधवार को शीतला अष्टमी से पहले मंगलवार को 'रांघापुआ' मनाया जा रहा है। माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। मंदिर कमेटी के मनीराम सोनी के अनुसार, मंगलवार को 'रांघापुआ' मनाया जा गया। इस दिन घरों में महिलाएं लोक व्यजंन गुलगला, रावड़ी, पुआ, पापड़ी, दही, मीठे चावल और अन्य व्यंजन बनाती हैं। बुधवार को शीतला अष्टमी पर माता को इन्हीं व्यंजनों का ठंडा भोग लगाया जाएगा। मान्यता है कि ऐसा करने से माता प्रसन्न होती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि व रोगों से मुक्ति का आशीर्वाद मिलता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नैणासर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 140 दिनांक :- 10.03.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https// eproc.rajasthan.gov.in एवं https// sppp. rajasthan. gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526WSOB00386

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नैणासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत नैणासर

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक :-न.प. सु. / भूमि शाखा / 2026 / 11988 दिनांक 10-03-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा 69-क नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री आनन्द कुमार कठोतिया पुत्र श्री भंवरलाल | सुजानगढ़ | दिगम्बर जैन मंदिर के पास | 502.23 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत डालमाण**
**पंचायत समिति, सरदारशहर (चूरू) राज.**

क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2025-26/98-99 दिनांक :- 27.02.2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में विधायक स्थानीय क्षेत्रिय विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर व www.eproc.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0373 | PDN2526WSOB00381 | 09.03.2026 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत डालमाण

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डालमाण

**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S. No. 566 DATE: 10-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 17.03.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. raj.nic. in & http:// eproc. raj. nic.in) of the state.The approximate value of work is maximum RS : 800000

UBN No. PKP2526WSOB00388-392

BDO
P.S. PATAN

## जगन फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक महिलाओं को मिला परामर्श

### मासिक धर्म स्वास्थ्य व वित्तीय साक्षरता पर दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा/धौलपुर)।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता और सशक्तिकरण से जोड़ने के उद्देश्य से जगन फाउंडेशन की ओर से धौलपुर जिले के झील का पुरा और पंचगांव गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविर में 150 से अधिक महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ व्यक्तिगत चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) डॉ. मधु झा (पूर्व फोर्टिस, दिल्ली) ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श भी प्रदान किया। जगन फाउंडेशन की संस्थापक मालविका मुद्गल और दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं, सही जानकारी और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। आयोजकों ने बताया कि संस्था का लक्ष्य धौलपुर जिले की हर महिला तक स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद, जागरूकता और काउंसलिंग पहुंचाना है। संस्था के अनुसार ये शिविर एक शुरुआत हैं और भविष्य में डिजिटल टूल्स तथा सामुदायिक पहल के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। ग्रामीण महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाते हुए इसे उपयोगी पहल बताया।

## सुरक्षा सखी अभियान से घर-घर पहुंच रही 'कम्यूनिटी पुलिसिंग'

### महिलाओं-बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

### 1 से 15 मार्च तक चल रहा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा, कानून व हेल्पलाइन नंबरों की दी जा रही जानकारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में 1 से 15 मार्च तक 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह के सुपरविजन में सुरक्षा सखियों के माध्यम से गांव-गांव और घर-घर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि महिला सुरक्षा के विषय में राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय गंभीर व संवेदनशील है। इसी उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा सखियां घर-घर जाकर महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क कर रही हैं और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, अधिकारों और पुलिस सहायता से संबंधित जानकारी दे रही हैं। अभियान के तहत महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा नंबर की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही थाना स्तर पर बैठकें और संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को आत्मविश्वास बढ़ाने वाली तकनीकों, कानूनी प्रावधानों तथा पुलिस से सहयोग प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और हवा सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के दौरान महिलाओं की समस्याएं और सुझाव भी लिए जा रहे हैं, ताकि पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके।

पुलिस अधीक्षक सांगवान ने बताया कि अभियान की समाप्ति के बाद जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुरक्षा सखियों को रेंज स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करना है, ताकि महिलाएं बिना झिझक अपनी समस्याएं साझा कर सकें और सुरक्षित वातावरण में जीवन जी सके।

## पुलिस चौकी के सामने दुकानों में सेंध, सरसों की 20 बोरी व इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी

### तिजोरी खेत में मिली, हजारों का माल ले गए चोर; गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 स्थित बरैठा पुलिस चौकी के ठीक सामने चोरों ने दो दुकानों में सेंध लगाकर हजारों रुपए का माल पार कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने एक गल्ला आढ़त और एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया। गल्ला आढ़त की दुकान से चोर 20 बोरी सरसों और रुपए से भरी तिजोरी ले गए। बाद में तिजोरी दुकान से करीब 200 मीटर दूर एक खेत में पड़ी मिली। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकान से करीब 17 किलो तांबा, कूलर में लगने वाली 12 समरसेबल पंप, लगभग 20 किलो एल्यूमिनियम तार, करीब 40 किलो पुराना तांबे का तार सहित अन्य सामान और करीब 15 हजार रुपए चोरी कर लिए गए। पीड़ित दुकानदार तेजवीर सिंह और गणेश ने बताया कि वे बरैठा पुलिस चौकी के सामने स्थित दुकानों में गल्ला आढ़त और इलेक्ट्रॉनिक का काम करते हैं। दोनों रोजाना की तरह शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह किसी व्यक्ति ने दुकान के पीछे दीवार टूटी होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान में रखा सामान और सरसों की बोरियां गायब मिलीं। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि चौकी के पास शाम से देर रात तक पुलिस वाहनों की चेकिंग करती रहती है, इसके बावजूद चौकी के ठीक सामने दुकानों में चोरी होना गंभीर बात है। नेशनल हाईवे होने के कारण यहां रातभर वाहनों की आवाजाही रहती है, ऐसे में पुलिस चौकी के सामने ही चोरी होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

## कायस्थ पाड़ा में बेघर हुए परिवारों की मदद को आगे आया पालिका प्रशासन

### कोर्ट आदेश पर हटाए गए मकान, ईओ अभिताभ बच्चन मीणा ने मौके पर पहुंचकर रैन बसेरा व भोजन व्यवस्था का दिलाया भरोसा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड बाड़ी के नगर पालिका क्षेत्र स्थित कायस्थ पाड़ा में सोमवार को कोर्ट के आदेश की पालना में वर्षों से रह रहे कुछ परिवारों को मकानों से हटाया गया, जिससे कई परिवार अचानक बेघर हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हुआ और प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए मौके पर पहुंचकर राहत का भरोसा दिलाया। जिला कलेक्टर निधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी व प्रशासक भगवत शरण त्यागी के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अधिशाषी अधिकारी मीणा ने बताया कि जिन परिवारों के सामने रहने और भोजन की समस्या उत्पन्न हुई है, उनके लिए नगर पालिका की ओर से तत्काल राहत के रूप में रैन बसेरा में ठहरने की व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही भोजन की सुविधा के लिए अन्नपूर्णा रसोई का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवेदन करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, ताकि उन्हें भविष्य में पक्के मकान का लाभ मिल सके। मीणा ने कहा कि नगर पालिका बाड़ी प्रशासन हर जरूरतमंद नागरिक के साथ खड़ा है और संकट की इस घड़ी में किसी भी प्रभावित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। प्रशासन द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजस्थान में पासपोर्ट ऑफिस उड़ाने की धमकी के बाद धौलपुर पासपोर्ट कार्यालय बंद

### पुलिस ने कराया परिसर खाली



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान में पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की ई-मेल के माध्यम से मिली धमकी के बाद धौलपुर में भी सतर्कता बढ़ा दी गई। इसी के चलते धौलपुर स्थित पासपोर्ट कार्यालय को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया और पूरे परिसर को खाली कराया गया। जानकारी के अनुसार राज्य के कई पासपोर्ट कार्यालयों को धमकी भरा ई-मेल मिला था। इस सूचना के बाद धौलपुर प्रशासन और पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पुलिस टीम ने भारतीय डाकघर परिसर स्थित पासपोर्ट कार्यालय पहुंचकर वहां मौजूद कर्मचारियों और आमजन को बाहर निकालकर कार्यालय बंद करा दिया। मौके पर सीओ सिटी कृष्णराज जांगिड़ सहित पुलिस के कई अधिकारी पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। पुलिस की ओर से परिसर और आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु की जांच की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सचिव रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा की ओर से जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। सचिव ने निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों से उनके प्रकरणों, अपील, जमानत, आगामी पेशी की तारीख, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों की विधिक स्थिति, रहन-सहन, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सचिव की ओर से बंदियों से पूछने पर एक बंदी ने बताया कि उसकी जमानत हो चुकी है इस संबंध में सचिव ने एलएडीसीज अधिवक्ताओ से जानकारी ली तो बताया कि जमानती न होने के कारण इसकी जमानत नहीं हुई है इस मौके पर सचिव ने निर्देश दिए कि उनके घरवालों से संपर्क कर बंदी को जमानत करवाएं व एक बंदी ने लीवर की समस्या होना बताया तो सचिव ने जेल अधीक्षक व डॉक्टर को निर्देश दिए कि बंदी की जांच कराएं और उसका उचित इलाज करवाएं व गर्मीयों के मौसम को देखते हुए बंदियों से बातचीत की व गर्मी से बचाव हेतु उपलब्ध साधनों की भी जानकारी ली। सचिव की ओर से प्रत्येक बंदी से उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली। साथ ही सचिव ने बताया कि जो बंदी मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ है वह बंदी लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ताओ के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागणों को भी निर्देशित किया गया कि बंदियों की जो भी समस्याएं हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करें। सचिव ने निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा, समयबद्ध न्याय प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ व बंदीजन मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य व देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में JSI टीम के बाल वर्धन प्रोजेक्ट से हेमंत जैन उपस्थित रहे। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन, पौष्टिक आहार व स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिससे मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल गर्भवती महिलाओं को टिका लगाकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनकी गोद भरी गई तथा गोला और बतासे देकर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के समय सावधानियां रखने तथा नवजात शिशु की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संजू ओझा, आंगनवाड़ी हेल्पर गुड़िया व सिटी के अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गर्भवती महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव एवं स्वस्थ शिशु की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी की सहभागिता और सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया

## यादव समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न, पदाधिकारियों ने ली संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** यादव समाज व संगठन का होली मिलन समारोह जिला अध्यक्ष संतोष कुमार यादव की अध्यक्षता में श्याम कॉम्पलेक्स में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के पदाधिकारियों व लोगों ने फूलों और गुलाल से होली खेलकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडवोकेट शिशपाल सिंह यादव (राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी), नीतू यादव (राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा), डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव (प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान), राजेन्द्र सिंह यादव (प्रदेश संगठन मंत्री) तथा रमेश बाबू यादव (प्रदेश मंत्री) विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा फूलों से होली खेलकर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देती है। इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा नीतू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव तथा प्रदेश मंत्री रमेश बाबू यादव ने संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए समाजहित में कार्य करने और संगठन के आदेशों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में रामभरोसी, बौली यादव, सुमित यादव, युवराज यादव, विवेक यादव, रजत यादव, केशव यादव उर्फ गोपाल, कुलदीप यादव, कलान सिंह यादव, पूरन सिंह, प्रशांत यादव, नीरज यादव, रमेश चन्द्र यादव, नवीन यादव (युवा अध्यक्ष धौलपुर), रंजीत यादव, अनिल यादव (नर्सिंग ऑफिसर), यशपाल सिंह यादव, आदित्य यादव, सैली यादव, अभिषेक यादव, विग्याद यादव, विष्णु यादव, अभय यादव, ध्रुव यादव तथा डॉ. शुभम यादव सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे। अंत में विश्व गुरु भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ होली मिलन समारोह का समापन हुआ।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 13 को

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय परिसर बस स्टैण्ड के पास धूलकोट में 13 मार्च को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीफोरएस सिक्योर सर्विसेज इण्डिया, नई दिल्ली, आमधने प्रा. जयपुर, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि., आइकोनिक ग्लास इंडस्ट्रीज धौलपुर, एलआईसी धौलपुर, बीएम स्टील इण्ड धौलपुर इत्यादि कंपनियों की ओर से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा एनजीओ, पीएनबी आरसेटी, आरएसएलडीसी की ओर से संचालित विभागीय कोर्सेज की जानकारी देने के लिए उपस्थित रहेगें। उन्होंने बताया कि मशीन ऑपरेटर, एसेम्बली ऑपरेटर, ऑफिस एण्ड सेल्स एक्सीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, फील्डमेन एण्ड फील्ड ऑफिसर, फाइनेंस एक्सीक्यूटिव, सहायक मैनेजर, एजेंट, तकनीकी वर्कर, एसोशिएट ट्रेनी, डिप्लोमाधारी आदि रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी।

## जान से मारने की धमकी देने वाला पुलिस रिमांड पर

**सुजानगढ़(नि..सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने व 20 लाख रूपए मांगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को कोतवाली थाने में अब्दुल रहमान चौहान, निवासी वार्ड न. 10, तगाला मस्जिद के पास सुजानगढ़ ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया था कि 9 दिसम्बर 25 से लेकर 11 जनवरी 26 तक मुझे अलग-अलग मोबाईल नंबर व व्हाट्स अप पर कॉल आए, जिसमें एक व्यक्ति ने मुझसे 20 लाख रूपए मांगे और पैसे नहीं देने पर मुंह दिखाने के काबिल नहीं छोड़ने, जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने आईटी की सहायता से आरोपी की पहचान की और आखिरकार आरोपी मजीद उर्फ टीप्पू निवासी चांद बास, सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर किया गया है, जहां पर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर रखे जाने के आदेश मिले हैं।

**Superintendent Govt. Intellectual Disable Home, Girls Wing, Jamdoli, Jaipur**

File No 010/2025-26/2143 Date 06-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for Providing clinical psychologist for IQ test and behavioural modification for Inmates of Superintendent Govt. Intellectual Disable Home, Girls Wing, Jamdoli, Jaipur are invited from interested bidders upto 12 PM date 13-03-2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raLnic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of the state; and http://dsap.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 440000 (Four lakh fourty thousand only).

UBN No. - DSA2526SSOB00054
Mob. No.9460554484

DIPR/C/5084/2026 **SUPERINTENDENT**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड - प्रथम, जयपुर**

कमांकः 6734-6753 दिनांकः 27.02.2026

**निविदा सूचना संख्या - 188 -197 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु राजस्थान सरकार के जन स्वा. अभि. विभाग में निम्न निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.SPPP.rajasthan.gov.in से दिनांक 12.03.2026 सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड किए जा सकते है। भरी हुई निविदाऐं दिनांक 12.03.2026 को सांय 6.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। तकनीकी बिड दिनांक 13.03.2026 को इस कार्यालय में 11.00 बजे खोली जाएगी।

निविदा शुल्क राशि एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www.SPPP.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

NIT NO- 188- UBN- PHE2526WSRC15110
NIT NO- 189- UBN- PHE2526WSRC15111
NIT NO- 190- UBN- PHE2526WSRC15112
NIT NO- 191- UBN- PHE2526WSRC15113
NIT NO- 192- UBN- PHE2526WSRC15114
NIT NO- 193- UBN- PHE2526WSRC15115
NIT NO- 194- UBN- PHE2526WSRC15116
NIT NO- 195- UBN- PHE2526WSRC15117
NIT NO- 196- UBN- PHE2526WSRC15118
NIT NO- 197- UBN- PHE2526WSRC15119

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**
**जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर**

DIPR/C/4807/2026

# उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ ने धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, प्रतिभाओं का सम्मान

## फैशन शो, मेहंदी, क्विज व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

## कार्यस्थलों पर महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, जयपुर मंडल की ओर से अरावली सभागार, गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल महासचिव विनोद मेहता ने की। मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय की मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ. लक्ष्मी मीणा रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमएस मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मालविका गौड़ तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीतू मीणा मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोनल महासचिव विनोद मेहता ने कहा कि मां समाज की प्रथम शिक्षक होती है और एक महिला ही समाज को सही दिशा देने की क्षमता रखती है। इसलिए महिलाओं को कभी भी भेदभाव की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए, बल्कि उन्हें बराबरी का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेड यूनियन के संघर्ष से महिलाओं को मातृत्व अवकाश और चाइल्ड केयर लीव जैसे अधिकार दिलाने में सफलता मिली है और भविष्य में भी कार्यस्थल पर महिलाओं की सुविधाओं, कार्य के घंटे तथा स्वतंत्रता को लेकर संगठन संघर्षरत रहेगा। जयपुर मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने कहा कि आज का दौर समानता का है और महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। भारतीय रेल के सफल संचालन में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद कई स्थानों पर महिलाओं को अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए जागरूकता और सहयोग की आवश्यकता है। मंडल प्रवक्ता अनिल चौधरी और महेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जयपुर मंडल में कार्यरत महिलाओं ने फैशन शो, मेहंदी प्रतियोगिता, क्विज, गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया और सभी उपस्थित महिलाओं को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित, मंडल मंत्री दीपक कुमार, मंडल पदाधिकारी प्रवीण चौहान और सुनील यादव ने महिला विंग की लीडर नीलम जाटव, मंजू मीणा, सुमन और विमला सहित सभी सहयोगियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## गौसेवा के साथ मनाया भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का 49वां जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का 49वां जन्मदिन सोमवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सरोकार से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे की गोपाल गौशाला और बालाजी गौशाला पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाया। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए तथा झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जांगिड़ के जन्मदिन की बधाई दी। इससे पूर्व कई कार्यकर्ता जांगिड़ के निवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं सोशल मीडिया पर भी दिनभर समर्थकों और शुभचिंतकों की ओर से उन्हें बधाइयां देने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर मोहम्मद तैयब, अजीत सिंह राठौड़, हरी इंदौरिया, माणक सैनी, फारूक मिस्त्री, दिलावर, इंद्राज दायमा, सेठी पेंटर, जुल्फीकार हिसारिया, किशन राठौड़, राकेश टाक, अंकुर मिश्रा, साबिर हुसैन, राजू भामी, राजेंद्र जोइया, अमित मुंडवाल, विजय सोनी, देवकरण सैनी सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कम्प

### पुलिस ने कैंपस को करवाया खाली



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के मुख्य डाकघर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ानें की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद एहतियात के तौर पर डाकघर और पासपोर्ट सेवा केंद्र को तुरंत प्रभाव से खाली करवा दिया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली सीआई सुखराम चोटिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिसर में सर्च अभियान चलाया। कोतवाली सीआई सुखराम चोटिया ने बताया कि पासपोर्ट सेवा केंद्र और डाकघर के कर्मचारियों को अंग्रेजी में एक ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसमें खुद को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ा बताते हुए पांच साइनाइड से भरे आईआईडी ब्लास्ट करने की धमकी दी गई थी। ईमेल में कुछ अंतर्राष्ट्रीय मामलों का जिक्र करते हुए पासपोर्ट कार्यालय क्षेत्र को निशाना बनाने की बात कही गई थी। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने खुफिया एजेंसी और बम निरोधक दस्ते को भी सतर्क कर दिया और आसपास के क्षेत्र की गहन तलाश शुरू कर दी, हालांकि जांच में किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने ईमेल के स्रोत की जांच शुरू कर दी है और साइबर टीम इसकी तकनीकी पड़ताल कर रही है। प्रशासन ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में बताते हुए आमजन को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

## भाषीणा गांव में अफीम की खेती पकडी, आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सदर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अफीम की खेती पकड़ी है। सदर थाने के सीआई पुष्पेंद्र झाझडिया व उनकी टीम ने गांव भाषीना की रोही में स्थित खेत में अफीम की खेती पकड़ी और मजदूरों को लगवा कर करीब 31 हजार 200 पौधे उखड़वाए। जप्त की गई अफीम की फसल का वजन 2690 किलो में 320 ग्राम है। सीआई पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि आरोपी सांवताराम पुत्र भागूराम निवासी गांव भाषीना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सांवताराम यूट्यूब से अफीम की खेती करने का तरीका सीख कर बड़ी कमाई के लालच में यह खेती कर रहा था और उसने करीब 2 बीघा में यह खेती की। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बचने के लिए सौंप व सरसों की फसल के बीच में यह खेती की, ताकि लोगों को शह न हो। अफीम के पौधों को बाहर निकालने में पुलिस को करीब 20 घंटे का वक्त लगा। पुलिस करीब 78 कटो में फसल को भरकर सुजानगढ़ थाने लाई है।

**दो साल पहले डर के चलते पौधे उखाड़े :**
सीआई पुष्पेंद्र झझडिया ने बताया कि दो साल पहले भी आरोपी सांवताराम ने अफीम की खेती की थी, लेकिन कुछ दिनों बाद आरोपी को पुलिस में शिकायत होने का डर लगा, जिसके चलते उसने खुद ही अपने खेत में से अफीम की फसल को उखाड़ फेंका। लेकिन इस बार उसके सिर पर पैसे कमाने का भूत सवार था। क्योंकि बाजार में अफीम की कीमत करीब 1 लाख 50 हजार प्रति किलो बताई जा रही है।

**13 मार्च तक भेजा पुलिस रिमांड पर :**
दूसरी ओर इस मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाने के सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी सांवताराम को न्यायालय में पेश किया गया है। जहां पर न्यायालय ने आरोपी को 13 मार्च तके पुलिस रिमांड पर रखे जाने के आदेश दिए हैं। पुलिस आरोपी से अनुशंधान करने में जुटी है।

## चूरू महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच

### उपखंड प्रशासन ने मांगे सुझाव



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रस्तावित चूरू महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को नगर परिषद सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी और नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान है और इसे और अधिक प्रभावी तथा आकर्षक बनाने के लिए मीडिया के अनुभव और सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि महोत्सव के माध्यम से जिले की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और कला को व्यापक मंच मिले। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव की प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस बार आयोजन में नवाचारों के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि चूरू महोत्सव को पर्यटन की दृष्टि से भी अधिक आकर्षक बनाया जाए। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और स्थानीय कलाकारों को पर्याप्त मंच देने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि मीडिया से प्राप्त सकारात्मक सुझावों को आयोजन में शामिल किया जाएगा, ताकि चूरू महोत्सव न केवल जिले में बल्कि प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सके।

## पायल सैनी ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में भाग लिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आईसीसी के ओबीसी विभाग की ओर से सोमवार को महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में चूरू की निवर्तमान सभापति व राजस्थान महिला कांग्रेस की महासचिव पायल सैनी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओबीसी वर्ग की महिलाओं को राजनीति और सामाजिक सरोकारों में आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पायल सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय में समान अवसर के विषयों पर देशभर से आई महिलाओं ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं को नेतृत्व देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है।

## मानसिक रूप से बीमार युवती फंदे पर झूली

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव नोसरिया में 24 वर्षीय युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतक के पिता ने मंगलवार को पुलिस में रिपोर्ट दी है, जिस पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि रतनगढ़ तहसील के गांव नोसरिया निवासी 48 वर्षीय दानाराम ने रिपोर्ट दी कि उसके तीन संतान है, जिसमें एक बेटा व दो बेटियां है। उसकी 24 वर्षीय बेटी पूजा सोमवार की रात खाना खाकर कमरे में सो गई। मंगलवार सुबह देखा, तो पूजा फंदे पर लटकी हुई मिली, जिस पर उसे फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने रिपोर्ट में लिखा है कि उसकी पुत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और बीकानेर की दवाई चल रही थी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सामाजिक सेवा और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायी पहचानः डॉ प्रभा पारीक

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय डॉ प्रभा पारीक का कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी माना जाता है। उन्होंने छात्र जीवन से ही सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है और आज भी विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। डॉ प्रभा पारीक वर्तमान में ऑल इंडिया पारीक महासभा नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत में प्रांत सह-सचिव तथा राजस्थान समायोजित शिक्षा कर्मी संघ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी निभा रही हैं। छात्र जीवन में भी उनका नेतृत्व उल्लेखनीय रहा है। वह पूर्व में छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुकी हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रदेश छात्र प्रमुख के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने दुर्गा वाहिनी में जिला संयोजिका के रूप में भी संगठनात्मक कार्यों का नेतृत्व किया है। डॉ प्रभा पारीक एक कुशल मंच संचालिका के रूप में भी जानी जाती हैं। विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रभावी मंच संचालन के माध्यम से लोगों को जागरूक और प्रेरित करती रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित कर रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों की ओर से उनके कार्यों की सराहना की जा रही है। उनका व्यक्तित्व अनेक महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा की मूल भाषा संस्कृत हैः विमल कुमार

## आयुर्वेद विश्व भारती में सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आयुर्वेद विश्व भारत व संस्कृत भारती चूरू जनपद के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन का शुभारंभ किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में संस्कृत भारती जयपुर प्रांत संगठन मंत्री विमल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारत के सभी ज्ञान भंडारों का आधार है और हमारे ज्ञान की भी मूल भाषा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृत भारती के जिलाध्यक्ष डॉ अविनाश पारीक ने संस्कृत और आयुर्वेद के गहन संबंध की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद की वैज्ञानिक जानकारी एवं आयुर्वेद के मूलग्रंथों को सही तरीके से समझने के लिए संस्कृत का व्यावहारिक ज्ञान बहुत आवश्यक है। अतिथि डॉ विश्वेश्वर शर्मा ने संस्कृत भारती के विभिन्न प्रकल्पों एवं आयामों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि उन्हीं आयामों के तहत संस्कृत संभाषण शिविर का यहां आयोजन हो रहा हैं। इस सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर में संस्कृत भाषा में संभाषण का अभ्यास करवाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप प्राचार्य प्रो श्याम सुंदर शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का महाविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत करते हुए आयुर्वेद के शोध कार्यों में संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सह आचार्य डॉ श्रीराम शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन व अतिथि परिचय संहिता सिद्धांत व संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य सन्दीप शर्मा ने किया। इस संभाषण शिविर में महाविद्यालय के 50 से अधिक आयुर्वेद के प्रशिक्षणार्थी उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं।

## महिला सम्मान समारोह व नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम 14 को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से श्रद्धा-महिला सम्मान समारोह 2026' व नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 14 मार्च की शाम को माहेश्वरी सेवा सदन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायन उमा झंवर, डायरेक्टर -एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक, इंदौर उपस्थित रहेंगी। वे कार्यक्रम में नेत्रदान के महत्व और उसके सामाजिक प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करेंगी तथा लोगों को नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वाली महिलाओं में गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी, सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा, साहित्यकार डॉ. साधना प्रधान, योग विशेषज्ञ अंजली सैन तथा योग विशेषज्ञ श्रद्धा सैन के नाम शामिल हैं। लायंस क्लब के जोन चेयरमैन एमजेएफ लायन कमल तापड़िया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि 'मानवता की सेवा ही सच्चा लायनवाद है' और इसी भावना के साथ लायंस क्लब समाज सेवा के कार्य निरंतर करता रहा है। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं डॉक्टर्स से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## बैद विद्यालय में परीक्षा से पहले यज्ञ का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में स्थित संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा से पूर्व परीक्षा यज्ञ का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व गणेश पूजन के साथ हुआ। यज्ञ में सभी विद्यार्थियों एवं स्कूल परिवार के सदस्यों ने गायत्री मंत्रों के साथ आहुतियां दी। स्कूल प्रभारी नंदकिशोर ताम्रायत ने परीक्षा में रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। यज्ञ गोपालकृष्ण गौड़ ने संपन्न करवाया। इस अवसर पर दीपक कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, संजयसिंह, भवानीशंकर, अश्विनी कुमार, इंद्रचंद, योगेश शर्मा, ओम कंवर, अनिता, बबीता, संगीता, प्रियंका सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## तरुण को दी श्रद्धांजलि, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** दिल्ली के उत्तम नगर में हुई युवक तरुण खटीक की हत्या के विरोध में सोमवार को घंटाघर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद, सनातन सेवा न्यास सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं व लोगों ने तरुण को श्रद्धांजलि देते हुए दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि होली त्यौंहार पर बालिका से पानी से भरा गुब्बारा लगने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया और इसी दौरान तरुण की पीट- पीटकर हत्या कर दी गई। उपस्थित लोगों ने ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग सरकार से की है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।